हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 13 मार्च 2025



## टैंकर भरोसे बुझ रही शहर की प्यास : दो दर्जन इलाकों में सुबह से देर रात तक हो रही सप्लाई, हर टैंकर लगा रहे आठ से दस चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोहारा स्थित एनीकट में सिल्ट जमने से वाटर स्टोरेज कम होने का खामियाजा पूरा शहर भुगत रहा है। पानी की कमी का आलम यह है कि शहर के दो दर्जन इलाकों में पेयजल आपूर्ति के लिए पानी टैंकर का सहारा निगम को लेना पड़ रहा है। सुबह दस बजे से लेकर रात बारह बजे तक निगम के टैंकर वार्डों की दौड़ लगा रहे हैं। इतना ही नहीं एक टैंकर दिनभर में आठ से दस ट्रिप पानी सप्लाई कर रहा है।

### जलसंकट से जूझ रहा शहर, एक टाईम पेयजल आपूर्ति से निपटने निगम प्रशासन बहा रहा पसीना

#### रसीद काटना बंद, पेयजल आपूर्ति हो रही

पानी की कमी से टैंकर की सप्लाई इस कदर बढ़ गई है कि निगम ने निजी आयोजन एवं कार्यक्रम के लिए पानी टैंकर की रसीद काटना ही बंद कर दिया है। टैंकर पिछले एक हफ्ते से केवल पेयजल आपूर्ति के लिए ही शहर के अलग-अलग इलाकों की दौड़ लगा रहे हैं। पानी टैंकर छोड़ने वाले कर्मियों ने बताया कि आम दिनों के मुकाबले अभी पानी की सप्लाई चार गुना तक बढ़ गई है।




#### इन इलाकों में सप्लाई

आम तौर पर पानी की किल्लत शहर के ग्रामीण इलाकों में ही देखने को मिलती रही है, लेकिन इस बार शहर के भीतरी इलाकों में भी पानी टैंकर से सप्लाई करना पड़ रहा है। ब्राह्मणपारा, दुर्गा चौक, भरकापारा जैसे इलाकों में भी टैंकर दौड़ रहे हैं। इसके अलावा बाबूटोला, नवागांव, लखोली, इंदिरा नगर, मोहड़, पेंड्री जैसे इलाकों में भी तीन से चार टैंकर रोजाना भेजे जा रहे हैं।

#### गिनती के टैंकर, कई खराब

निगम के पास दर्जनभर पानी टैंकर है, इनमें तीन तरह के टैंकर शामिल हैं, लेकिन मौजूदा समय में तीन से चार पानी टैंकर खराब पड़े हुए हैं। ऐसे में छह पानी टैंकर के भरोसे ही शहर में पानी की सप्लाई की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार शहर में करीब चालीस हजार परिवार रहते हैं। जिनको रोजाना पानी की सप्लाई करनी होती है, लेकिन मौजूदा समय में पर्याप्त स्टोरेज नहीं होने के चलते पानी की सप्लाई प्रभावित हो गई है। पानी की कमी के चलते शहर में दो टाईम की जगह एक दफा ही सप्लाई की जा रही है, लेकिन इसके बावजूद शहर के लोगों की पानी की पूर्ति नहीं हो पा रही है। जिसके चलते पानी टैंकर के जरिये पानी पहुंचाने की कवायद हो रही है।

### खबर संक्षेप

#### 19 को प्रशिक्षण कार्यशाला

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग रायपुर के निर्देशानुसार सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के प्रभावी क्रियान्वयन में आने वाली समस्या एवं शासन द्वारा जारी पोर्टल के संबंध में 19 मार्च को सुबह 11 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सभी विभागों के प्रथम अपीलीय अधिकारियों व जनसूचना अधिकारियों का जिला स्तर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

कार्यशाला में सभी संबंधित अधिकारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### पर्व को लेकर पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था

## होली पर ड्रोन से होगी निगरानी शहर में 200 जवान रहेंगे तैनात

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में होली का पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। आपसी भाईचारा और सौहार्द्र के साथ होली का पर्व मनाने के लिए पुलिस ने होली पर्व से पहले ही शहर में निगरानी बदमाशों की धरपकड़ शुरू कर दी थी और अलग-अलग थाना क्षेत्र में दर्जनभर से अधिक निगरानी बदमाशों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते उन्हें पकड़ा है, ताकि शहर में होली के उत्साह का रंग फीका न हो।

होली पर्व पर पुलिस विभाग द्वारा बदमाशों में भय और लोगों में सुरक्षा की भावना जागृत करने फ्लैग मार्च भी निकल जाएगा। पुलिस विभाग द्वारा लगभग 350 से अधिक पुलिस जवानों की ड्यूटी शहर के अलग-अलग क्षेत्र में लगाई गई है।



#### रमजान की इबादत और होली का होगा उसाह

होली पर्व के दौरान ही रमजान का शुक्रवार होने के चलते बड़े पैमाने पर मुस्लिम समाज के लोग मस्जिदों में नमाज अदा करने जाते हैं, जिसे देखते हुए पुलिस विभाग द्वारा पहले ही शांति समिति की बैठक आयोजित की जा चुकी है। वहीं सभी से भाईचारा पूर्ण होली का पर्व और रमजान की इबादत करने की अपील की गई है।

#### 52 से अधिक पेट्रोलिंग

होली पर्व के दिन शहर सहित आउटर क्षेत्र में भी पुलिस का कड़ा पहरा रहेगा। वहीं 52 से अधिक अलग-अलग पेट्रोलिंग पार्टियां दिनभर शहर में गश्त करेगी। वहीं बाज स्कॉट की 11 टीम, 30 फिक्स पॉइंट और गोताखोर तैनात रहेंगे। वहीं रिजर्व पार्टी भी तैयार रहेगी।

#### हुडदंगियों की खैर नहीं

होली पर हुडदंग करने वालों की खैर नहीं होगी। पुलिस विभाग द्वारा हुड़दंगियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। इसके लिए आधुनिक तकनीक का ड्रोन कैमरा उड़ाया जाएगा। इस ड्रोन कैमरे से विशेष निगरानी होगी। वहीं ट्रिपल सवारी मोटर साइकिल चलने वाले, तेज हार्न बजाने, मुखौटा पहनकर अभद्रता करने वालों पर पुलिस की पैनी निगाह होगी।

## पोस्ट आफिस में नौकरी लगाने ठगी, 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पोस्ट आफिस में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने के मामले की जांच करते पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी चंद्रकांत पटेल निवासी अमलीडीह डोंगरगांव ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी प्रफुल्ल जैन, विजय साहू एवं पंकज कुशवाहा द्वारा मिलकर इसके लड़के संदीप पटेल की सरकारी नौकरी पोस्ट आफिस में लगवाने के नाम पर अलग-अलग तिथि 25 फरवरी 23 से 8 जनवरी 24 तक कुल 4,00000 रुपए नगदी लेकर पोस्ट आफिस में नियुक्ति का फर्जी आईडी कार्ड देकर धोखाधडी करना बताया। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्व धारा- 420, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया है। ⏩ शेष पेज 14 पर



#### पासबुक व मोबाइल फोन बरामद

पुलिस के अनुसार आरोपियों को थाना लाकर पूछताछ करने पर प्रार्थी के साथ पोस्ट ऑफिस में नौकरी लगाने के नाम पर 400000 रुपए लेकर फर्जी नियुक्ति पत्र एवं आईडी कार्ड देकर धोखाधड़ी करना स्वीकार किए। आरोपी प्रफुल्ल जैन से पंजाब नेशनल बैंक एवं भारतीय स्टेट बैंक का पासबुक, एक नग ओप्पो कंपनी का मोबाइल, चार नग रजिस्टर्ड लिफाफा खुला हुआ। जिसमें तीन लिफाफा में रजिस्टर्ड डाक का स्टीकर और एक में स्पीड पोस्ट का स्टीकर लगा, लोमेश देवांगन के कब्जे से एक नग मोबाइल और आईडीबीआई बैंक का पासबुक व विजय साहू के कब्जे से एक नग मोबाईल, बैंक ऑफ बडौदा एवं बैक ऑफ इंडिया का पासबुक पेश करने पर जब्त किया गया।

#### घेराबंदी कर पकड़ा

पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक राजनांदगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक रामेन्द्र सिंह के नेतृत्व में आरोपियों की पतासाजी हेतु थाना कोतवाली से तत्काल टीम गठित कर आरोपियों के पते पर रवाना किया गया। आरोपी प्रफुल्ल जैन 52 साल निवासी रामाधीन मार्ग, लोमश देवांगन 43 साकिन शंकरपुर व विजय साहू 32 साल निवासी अपोलो कॉलेज के पीछे शिवा कालोनी पुलिस चौकी अंजोरा थाना पुलगांव एवं मयंक शुक्ला 30 साल निवासी बांधे कालोनी पोस्ट बांधे तहसील पखांजूर जिला कांकेर छग हॉल ग्रीन वैली ए-5 फर्स्ट फलोर रूम नंबर 2 जुनवानी थाना स्मृति नगर भिलाई को मुखबीर की सूचना पर घेराबंदी कर पकड़ा गया।

### शांति भंग होने का अंदेशा, तीन पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** होली पर्व के मद्देनजर पुलिस ने कार्रवाई अभियान तेज कर दिया है। जिसके तहत शांति भंग होने का अंदेशा पर तीन आरोपियों पर कार्रवाई की गई। वहीं 3 स्थाई वारंटियों को पकड़कर न्यायालय में पेश किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा द्वारा क्षेत्र में अपराध के रोकथाम हेतु अवैध गतिविधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रख रही है। इसी अभियान के तहत शहर में शांति भंग करने एवं संज्ञेय अपराध की घटना घटित होने के अंदेशा पर 3 आदतन बादमश के विरूद्ध धारा- 170, 125, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी उमेश पांडे 23 साल, सुमित घरडे 27 साल, प्रिंस निषाद 24 साल एवं स्थाई वारंटी राहुल धुर्वे 20 साल, श्रवण कुशववाल 49 साल एवं कैलाश ग्वाला 32 साल के खिलाफ कार्रवाई की गई।



## सेंटर सुपरवाइजर को हटाने से स्वच्छता दीदियों में नाराजगी

**राजनांदगांव।** शहर के गोकुल नगर एसएलआरएम सेंटर की स्वच्छता दीदीयों ने सेंटर की सुपरवाईजर देवकी साहू को काम पर लिए जाने की मांग रखी है। इसके लिए उन्होंने महापौर, कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है।

कचरा संग्रहण केन्द्र गोकुल नगर की स्वच्छता दीदी और स्वच्छता मित्रों ने कहा कि इस सेंटर में सुपरवाईजर श्रीमती देवकी साहू 7 वर्षों से कार्यरत थी। उन्हें बीते 8 मार्च काम से हटा दिया गया है, जिन्हें काम पर वापस लिया जाए। उन्होंने अपने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि हमारे सेंटर की सुपरवाईजर को यहां काम से हटाकर उनकी जगह पर प्रेमा सोनकर को लिया जा रहा है, जिनके खिलाफ पहले ही स्वच्छता दीदीयों की फर्जी हाजिरी सहित अन्य शिकायत है। स्वच्छता दीदीयों ने कहा कि उन्हें हमारे सेंटर में नहीं भेजा जाए और सुपरवाईजर देवकी साहू को यहां यथावत रखा जाए। ऐसा नहीं करने पर स्वच्छता दीदीयों ने आंदोलन किए जाने की चेतावनी भी दी है।



### बाजार में उमड़ी भीड़, रंग-गुलाल की जमकर खरीदी

## चढ़ने लगी होली की उमंग, विद्यार्थियों ने एक-दूसरे पर जमकर लगाया रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में तीन दिन पहले ही होली का उत्साह नजर आने लगा है। फैक्ट्रियों से लेकर स्कूल, कॉलेजों में रंग-गुलाल खेलने का दौर शुरू हो गया है। वहीं शहर के कई जगहों पर होलिका दहन की तैयारी की गई है।

बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक होली का पांच दिवसीय पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। होली पर अपनत्व, भाईचारे का प्रतिकात्मक रंग एक-दूसरे को लगाने लोग उत्साहित नजर आ रहे हैं।

#### रात 11 के बाद मुहूर्त

पंचांग के अनुसार फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि को होलिका दहन किया जाता है। इस वर्ष होलिका दहन पर भद्रा का साया होने के चलते होलिका दहन का शुभ मुहूर्त रात 11.32 बजे से होगा। वहीं दूसरे दिन 14 मार्च को रंगोत्सव मनाया जाएगा।



#### होली का उत्साह

होली से तीन दिन पूर्व ही होली का उत्साह जगह-जगह दिखाई दे रहा है। आज शहर के अधिकांश स्कूल, कॉलेज, ट्यूशन इंस्टीट्यूट और विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों ने एक-दूसरे पर रंग डालकर जमकर होली खेली और उत्साह मनाया। शहर के मां शीतला मंदिर परिसर के समीप स्थित गार्डन में भी दिग्विजय कॉलेज के दर्जनों विद्यार्थियों ने होली पर अवकाश से पहले ही जमकर होली खेली और एक-दूसरे को होली पर्व की शुभकामनाएं दी।

#### जगह-जगह होलिका दहन की तैयारी

होली पर्व को लेकर विभिन्न संगठनों और युवाओं की टोलियों द्वारा शहर के अलग-अलग क्षेत्र में होलिका दहन का आयोजन किया गया है। शहर के गुरुद्वारा चौक, जमातपारा, गांधी चौक, तिरंगा चौक, बांसपाईपारा, भरकापारा सहित दर्जनभर क्षेत्रों में होलिका दहन की तैयारी की गई है।

#### नगाड़ों की अधिक बिक्री


शहर में होली पर्व को लेकर रंग-गुलाल, पिचकारी के अलावा नगाड़ो की दुकानें सजी हुई है। डोंगरगढ़ के बेलगांव से नगाड़ा बेचने पहुंचे कुलेश्वर ने बताया कि उनके पास 100 रुपए जोड़ी से लेकर ढाई हजार रुपए जोड़ी तक के नगाड़े उपलब्ध है। वहीं उन्होंने कहा कि बीते वर्ष के मुकाबले इस वर्ष बेहतर व्यवसाय हो रहा है। नगाड़ों की मांग भी बढ़ गई है।



नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

## खबर संक्षेप

### वनों को आग से बचाने का आह्वान



**साल्हेवारा।** वन परिक्षेत्र अधिकारी के निर्देशानुसार से गीत संगीत के माध्यम से वनों को आग से बचाने का प्रचार ग्राम पैलीमेटा, मगरकुंड, खैराडीह, खैरानवापारा, जंगलपुर, अचानकपुर, लमरा, बेंगरी,मोहगांव में किया गया। इस मौके पर ग्रामीणों को बताया गया कि आग लगने से जडी बूटी सहित अन्य नष्ट हो जाते हैं।चरवाहों और ग्रामीणों को बीड़ी सिगरेट पीकर जंगल नहीं फेंकने की समझाइश दी गई। शिक्षकों को भी वन्यप्राणी को आग से बचाने प्रेरित किया गया। इस दौरान परिक्षेत्र अधिकारी संजीत मरकाम, अशोक चंद्राकार, योगेश कोर्राम, शैलेंद्र साहू आदि मौजूद थे।

### उल्लास से मनेगी होली


**पटेवा।** ग्राम पटेवा में होली त्योहार उल्लास के साथ मनाया जाएगा। आगामी 13 मार्च को पूजा अर्चना के साथ होलिका दहन किया जाएगा। इसी कड़ी में 14 मार्च को प्रातः 5 बजे भगवान राधा-कृष्ण की शोभायात्रा निकाली जाएगी। ग्राम समिति अध्यक्ष मिथलेश साहू, सरपंच लक्ष्मी वर्मा, उपसरंपच विरेन्द्र हिरवानी एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने होली शांति पूर्वक मनाने की अपील की है।

### बुढानभाठ के उपसरपंच बने आत्माराम



**छुईखदान।** ग्राम पंचायत बुढानभाठ में उप सरपंच के चुनाव आत्माराम चंदेल को पंचों ने चुना है। इस साल हुए पंचायत चुनाव में आरक्षण के सरपंच ग्राम धारिया से बन गया, है जिसे देखते हुए पंचों ने ग्राम के निवासी आत्माराम चंदेल को उप सरपंच बनाया है। उनके उप सरपंच बनने से ग्रामीणों में हर्ष है। उन्हे मनोज चंदेल, नरेश चंदेल, दीनू चंदेल, सुरेश चंदेल, नीरज चंदेल, रामकुमार चंदेल, खेमलाल चंदेल, शेखर चंदेल, अर्जुन चंदेल, विकास चंदेल, बजरंग चंदेल, हीरालाल चंदेल, नरेंद्र सेन, पवन चंदेल, संतोष चंदेल, किशन चंदेल, बिट्टू, चंदन चंदेल, खेलन चंदेल, राजा शांतनु चंदेल, बलभद्र चंदेल सहित ग्रामवासियों ने बधाई दी है।

### कुलदीप सरपंच, टीकम उपसरपंच निर्वाचित



**डोंगरगांव।** ग्राम पंचायत बगदई से टीकम निषाद उपसरपंच निर्वाचित हुए। वहीं सरपंच के पद पर कुलदीप सिंह ठाकुर पहले ही निर्वाचित हो चुके हैं। टीकम निर्विरोध पंच बने थे। टीकम निषाद के उपसरपंच एवं कुलदीप सिंह ठाकुर के सरपंच बनने पर ग्रामीणों ने गुलाल लगाकर स्वागत किया। इस मौके पर पंच अतेश्वरी ठाकुर, लाला पटेल, भूपेन्द्र निषाद, मनीषा निषाद, डिलेश्वरी पटेल, शशि साहू, सीता दुबे, रामबाई साहू, ईश्वरीबाई पटेल, पूर्णिमा बाई पटेल आदि मौजूद थे। श्री निषाद को दिलीप दुबे, अगेस पटेल, राजकुमार पटेल, होरीलाल पटेल, सरजू निषाद, कोमल निषाद, ज्ञानेश्वर पटेल, प्रेम पटेल, जीवन पटेल, गिरधारी निषाद, खेला निषाद, डाकवर निषाद, रामभरोस पटेल, फुलदास साहू, रोमन ठाकुर आदि ने बधाई दी है।

### तीरंदाजी में योगेश ने सोने पर लगाया निशाना



**छुईखदान।** पैलीमेटा के योगेश कुमार कोर्राम ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे छत्तीसगढ का नाम किया रोशन किया है। राऊरकेलीा में आयोजित 7 वां राष्ट्रीय मास्टर्स गेम में तीरंदाजी के राज्य को 3 गोल्ड, 1 सिल्वर मेडल मिले है। राउरकेला में 6 से 9 मार्च तक आयोजित प्रतियोगिता अंतर्गत तीरंदाजी में रेंगाडबरी, मंगचुवा के खिलाडियो ने भाग लिया था। रिकर्व राउंड में अजेंद्र टाडेकर ने सिल्वर मेडल एवं इंडियन राउंड में योगेश कोर्राम को स्वर्ण पदक मेडल प्राप्त किया। कोच हीरू साहू के मार्गदर्शन से तीरंदाजी का अभ्यास करते हुए अजेंद्र टांडेकर ने 6 वां राष्ट्रीय मास्टर्स प्रतियोगिता मे स्वर्ण पदक प्राप्त किया था। इस वर्ष उन्हे सिल्वर से संतोष होना पड़ा। वहीं योगेश कोर्राम वन खेलकूद प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। उनकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए परिजनों, मित्रों, सहयोगियों आदि ने बधाई दी है।

### स्वच्छता पर छात्राओं को किया जागरूक



**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में मंगलवार को प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर की अध्यक्षता में महिला प्रकोष्ट ने द्वितीय सेमेस्टर की छात्राओं के लिए आईआईएफ चेरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से महवारी स्वच्छता एवं स्वास्थ्य चेतना जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर हेम पुण्या ने खान पान, सफाई, सेनेटरी पैड के उपयोग के बारे में छात्राओं को बताया। उन्होंने छात्राओं को इस संबंध में अन्य किशोरी और महिलाओं को जागरूक करने प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन चांदनी पराते ने किया। यह कार्यक्रम संयोजक डॉ संजू सिंह, डॉ काव्या जैन एवं सरोजनी वर्मा ने आयोजित किया था। अंत में आभार प्रदर्शन शुभि जैन ने किया। इस दौरान सौम्या देवांगन, लीना साहू, हिमानी साहू, हनी ठक्कर के अलावा प्रिया सोनकर, श्वेता रात्रे, पूजा भुआर्य, राधिका, वेणुका, सोमलता साहू, विनिता, पूजा धनकर आदि उपस्थित थे।

### कामयाब महिलाओं का सम्मान



**डोंगरगढ़।** महिला दिवस के अवसर पर महिला सम्मान समारोह का आयोजन वार्ड 5 इंदिरा नगर में भाजपा एवं श्री रघुनंदन भक्त युवा समिति के तत्वावधान में शारदा मंदिर प्रांगण में किया गया । समारोह में अपने कार्य क्षेत्रों में नाम कमा चुकी महिलाओं का सम्मान भाजपा प्रदेश महामंत्री रामजी भारती, नपा अध्यक्ष रमन डोंगरे, नपा उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, शशिकांत द्विवेदी, महेंद्रभाई पटेल, विहिंप के जिला कार्यकारी अध्यक्ष तरुण हथेल, परविंदर सिंह मोंटी, ज्योति बड़वाईक, मीना यादव , श्याम तिवारी, गीतांजलि कोचे, एम तुलसी, कमलेश धमगाय, छोटू भौंडे, जोसेफ फिलिप ने किया। इस कार्यक्रम में ड्रोन दीदी के नाम से मशहूर शांति विश्वकर्मा, सुनीता बघेल, पूजा बघेल, अभिनेत्री रितिका वर्मा, डां शाहीन शेख, सुनीता बोस, मनीषा मेश्राम, उषा यादव, विद्या रामटेके, निशा धामगाय, कविता मेश्राम, किरण झारीयां, प्रीति गोतेल, चमेली साहू का सम्मान किया गया। संचालन बूथ अध्यक्ष शुभम परिहार ने किया। इस दौरान मनीष समुद्रै, हिमांशु डकहा, राहुल करसे, आदित्य करसे, अभय डकहा, अश्मित समुद्रै, गोलू विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

### शरीर के साथ वाहनों को हो रहा नुकसान

# अमानक स्पीड ब्रेकर बने लोगों के लिए मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया



गंडई नगर के बच्चे और युवा हाईस्पीड बाईक और कार चलाते हैं जिसके कारण गली मोहल्लों सहित मुख्य मार्ग में दुर्घटना होने की आशंका रहती है। यह समस्या उन स्थानों पर ज्यादा रहती है जहां छोटे बच्चे खेलते है।

आम जन को दुर्घटना से बचाने स्कूल एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनाया गया है किन्तु नगर के अंदरूनी हिस्से जिसमे मुख्य मार्ग सहित गली मुहल्लों के रास्ते शामिल है, में मापदंड का पालन किए बिना स्पीड ब्रेकर बना दिया गया है जिसके कारण जनता सहित वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

#### इन ब्रेकरों से परेशानी

जानकारी के अनुसार वार्ड 5 कन्या स्कूल मार्ग, वार्ड 2 भड़भड़ी पहुंच मार्ग, वार्ड 3 शिव मंदिर के सामने, बल्लू सोनी के घर के सामने, वार्ड 4 पटेल पारा, वार्ड 10 पीसी लाल यादव के घर के पास, वार्ड 13 सहित नगर के अन्य हिस्सों में बने अमानक स्पीड ब्रेकर लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। जिसमें सुधार की आवश्यकता महसूस किया जा रहा है।

#### हटाने उठाया जाएगा कदम

नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने बताया कि सड़कों पर पीडब्ल्यूडी ने मानक अनुसार ब्रेकर का निर्माण नही किया है। नागरिक और परिषद में रायशुमारी कर उन्हे हटाने या सुधारने का कार्य जल्द कराया जाएगा। सीएमओ अविनाश देवांगन ने कहा कि निकाय के उपअभियंता को भेज कर नगर में बनाए सभी स्पीड ब्रेकरों को दिखवाया जाएगा। जो स्पीड ब्रेकर मानक के अनुसार है वह यथावत रहेंगे। अमानक स्पीड ब्रेकरों को हटाया या सुधार करवाया जाएगा।

#### महिलाएं और वरिष्ठ परेशान

बहुसंख्यक महिलाएं नौकरी पेशा है जो वाहन को चलाते हुए काम स्थल पर जाती है। अमानक स्पीड ब्रेकर क्रॉस करने के दौरान अक्सर गिरने का डर बना रहता है। इसी प्रकार वरिष्ठ नागरिक एवं बीमार व्यक्तियों को भी अमानक स्पीड ब्रेकर क्रॉस कर आने जाने में तकलीफों का सामना करना पड़ता है। अमानक स्पीड ब्रेकरों की वजह से लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है वही गाड़ियों में भी खराबी आने की शिकायतें मिलती है। अमानक स्पीड ब्रेकरों से इंजन का टकराना और आइल का लिकेज होना आम बात हो गई है।



## गर्मी बढ़ते ही गांवों में गहराने लगा जल संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सड़क अतरिया

गर्मी के तेज होने के पहले ही जल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है जिसके कारण कई गांव में पेय एवं निस्तारी जल समस्या गंभीर होते जा रही है। आशंका है कि आने वाले दिनों में यह समस्या और गंभीर हो जाएगी।

क्षेत्र में सड़क अतरिया, बेलगांव, संड़ी, पंडरिया, ओटेबंद, रैमडवा, मानपुर, चकनार, दौजरी सहित दर्जन भर से अधिक ऐसे गांव है जहां आधे से अधिक बोर से पानी निकलना बंद हो चुका है। कुआं सूख गए है और हैंड पम्प दम तोड़ चुके है। पैलीमेटा, जीराटोला जलाशय के आस पास के गांव में अब तक जल स्तर बेहतर बना हुआ है शेष गांवों में पेय एवं निस्तारी जल की समस्या लगातार बढ़ रही है। लोग बोर में अतिरिक्त पाईप डाल कर जलपूर्ति करने का प्रयास कर रहे हैं, परन्तु दो चार दिन बाद समस्या जस तस हो रही है।

लगभग सभी गांव में पेयजल के लिए आधा दर्जन से अधिक हैडंपम्प लगे है किन्तु एक दो को छोड़कर शेष दम तोड चुके हैं। गांव के निस्तारी तालाब भी सूख रहे हैं। कुछ ग्रामीणों के घर लगे बोर से मटमैला पानी आने की खबर है। वर्तमान में ग्रामीण अन्य मोहल्ला से पेयजल ला रहे हैं। जल स्तर में इसी प्रकार गिरावट होते रही तो अगले कुछ दिनों में बड़ी समस्या खड़ी हो जाएगी।

#### सिंचाई की समस्या

रबी फसल चना, गेहूं, लाखड़ी आदि की कटाई मिंजाई का दौर जारी है। बहुत से किसानों ने धान की बोआई किया है। बोर से कम पानी निकलने से सिंचाई की समस्या खड़ी होने लगी है। किसानों ने बताया कि फसल को मौजूदा समय में पानी की नितांत आवश्यकता है, पर जल स्त्रोत गिरने से सिंचाई की समस्या खड़ी हो रही है। कई हेक्टेयर में लगी फसल के खराब होने की आशंका है।

## रिक्त पदों पर पदोन्नति की मांग

**डोंगरगढ़।** प्रदेश के शिक्षा विभाग में 15 वर्षों से पदोन्नति नहीं होने के कारण प्राचार्य के स्वीकृत 4730 पदों में से 3860 पद रिक्त है। सरकार ने छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन की मांग के अनुरूप पदोन्नति क मामले में संज्ञान लेते हुए शिक्षा और ट्राइबल विभाग के व्याख्याता, प्रधान पाठक आदि की ग्रेडेशन लिस्ट तैयार कर शिक्षा विभाग को सौंप दिया है। टीचर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष गोपी वर्मा ने बताया कि दुर्ग संभाग में स्वीकृत पद 659 है जिसमें 168 प्राचार्य कार्यरत हैं और 491 पद रिक्त हैं। स्कूलों का संचालन प्रभारी प्राचार्य के भरोसे हो रहा है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री से रिक्त पदों पर पात्र व्यक्तियों को पदोन्नति देने की मांग की है। मांग करने वालों में हंसकुमार मेश्राम, मनोज वर्मा, संदीप साहू, देवेंद्र साहू, रतिराम, महेश उईके, राजेश साहू, शैलेंद्र यदु, शरद शुक्ला, संतोष टेमरे, विद्यानंद डोंगरे. भुवाल साहू, श्रीकेश शर्मा, जीवन वर्मा, राकेश तिवारी, मनीष पसीने, गिरीश साहू, अनिल शर्मा, दिनेश कुरेटी आदि शामिल हैं।

### पुखराज बने उपसरपंच

**डोंगरगढ़।** अछोली में 8 मार्च को पीठासीन अधिकारी, सचिव पूर्णिमा मंडवी, पंचों की उपस्थिति में उपसरपंच का चुनाव संपन्न हुआ। उपसरपंच के लिए भागचंद वर्मा एवं पुखराज साहू ने नामाकंन दाखिल किया। मतदान में 18 पंच एवं सरपंच ने हिस्सा लिया। पुखराज साहू को 13 एवं भागचंद वर्मा को 6 मत मिले। कांग्रेस समर्थित पुखराज साहू उप सरपंच निर्वाचित हुए। इस दौरान सरपंच नंदकुमार साहू, पंच मूलचंद साहू, खेमचंद सहारे, सुप्रिया रानी गुप्ता, खिलेश्वरी साहू, मुन्ना यादव, ज्योति नेताम, पारख साहू, सुनीता साहू, पूर्णिमा साहू, भंवर सिंग, सूर्या मानिकपुरी, भागचंद वर्मा, खुशबु साहू, ईश्वरी साहू, मोहनीश साहू, वंदना उईके, जीना सड़ेकर, उपकारदास साहू, रेखराज वर्मा, चुम्मनदास, फिरंगीराम, योधन साहू आदि मौजूद थे।

## जनपद पंचायत में भी महिला राज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

स्थानीय जनपद पंचायत की नवनिर्वाचित अध्यक्ष रंजीता पडौती, उपाध्यक्ष मनीष साहू सहित सभी निर्वाचित सदस्यों ने प्रथम सम्मेलन में कार्यभार ग्रहण किया। इस मौके पर अतिथियों ने लोगों की अपेक्षा में खरा उतरने और शासन की मंशा के अनुरूप विकास को गति देने की समझाइश दिया।

जनपद पंचायत के सभागार में आयोजित कार्यक्रम की शुरूवात में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया गया। तत्पश्चात सीईओ रौशनी भगत सहित जनपद के अमला ने पंचायत प्रतिनिधियों और अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष कोमलसिंह राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, उपाध्यक्ष किरण साहू, पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, सदस्य जागृति चुन्नी यदु आदि अतिथि के तौर पर शामिल हुए। इस मौके पर जिपं अध्यक्ष श्रीमती वैष्णव ने सभी सदस्यों से मिलजुलकर काम करते हुए पंचायती राज की संकल्पना को साकार करने पर जोर दिया। जिला भाजपा अध्यक्ष श्री राजपूत ने कहा कि जनता ने काफी उम्मीदों के साथ चुनकर भेजा है अब आपका दायित्व है कि सभी उनकी उम्मीदों पर खरा उतरे। उन्होंने कहा कि इमानदारी से काम करने पर विकास होगा इसलिए सभी इस बात का संकल्प ले कि विकास करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगे।

#### वसूली के चक्कर में न रहे

इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि जब तक सदस्यों को विषय और अपने कार्यक्षेत्र की जानकारी नहीं होगी तो वह अगले पांच साल तक अपने अधिकार ही ढूंढते रहे जाएंगे। उन्होंने बताया कि जनपद को 29 विभागों का कामकाज देखना है। सभी सदस्य विभागीय योजनाओं और काम की जानकारी ले और बैठक में पूरी तैयारी के साथ आए तो निश्चित तौर पर उन्हे बेहतर काम करने का मौका मिलेगा। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि वसूली के चक्कर में रहे तो अगली बार खेल खतम हो जाएगा। उन्होंने राजनीति को काजल की कोठरी बताते हुए कहा कि इससे बेदाग रहे तो ही आपकी सफलता है। इस मौके पर जनपद अध्यक्ष रंजीता पडौती और उपाध्यक्ष मनीष साहू ने भी संबोधित किया। स्वागत भाषण सीईओ रौशनी भगत ने दिया। इस मौके पर रामकुमार गुप्ता, दीना पटेल, जागेश्वर यादव, भुवन साहू, विजय जैन, योगेश पटेल, अंजू त्रिपाठी, ममता ठाकुर, रोहित गुप्ता, प्रफुल्ल जैन, धनराज ठाकुर, मनबोधी पटेल, नारायण साहू, मनीष बोहरा, टोमन साहू, मोहन सिन्हा, दिनेश साहू, अपर्णा तिवारी सहित बड़ी संख्या में सरपंच, उप सरपंच और पंच, जनपद पंचायत के ओमप्रकाश जैन, हीरालाल शेंडे, रामलाल साहू, प्रतिमा द्विवेदी आदि मौजूद थे।

## विवादों में फंसा शपथ ग्रहण समारोह



**डोंगरगढ़।** जनपद पंचायत के शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि की अवहेलना हुई है वह दिनों शहर में चर्चा का विषय है। पदस्थापना के बाद से ही सीईओ आलोक सतपुडे अपनी कार्यप्रणाली के लिए अलग पहचान बना चुके है। उनके पास जनपद के कार्यों की कोई जानकारी नहीं रहती। चायतों की शिकायतों के बारे में कुछ भी कहने से डरते है। शपथ समारोह की तिथि तय होने के बाद भी शुक्रवार और शनिवार मुख्यालय में नहीं थे। सोमवार को खुद 11 बजे कार्यालय में पहुंचे। नाराज जनप्रतिनिधियों को समझाने के बाद प्रदेष भाजपा महामंत्री भरत वर्मा की उपस्थिति में शपथ ग्रहण कराया गया। बताया जाता है कि सीईओ किसी का फोन रिसीव नहीं करते है।

#### जनप्रतिनिधियों को खबर नहीं

जानकारी के अनुसार नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष- उपाध्यक्ष सहित सभी 25 सदस्यों को गत 10 मार्च को शपथ ग्रहण कराना था। जनपद सदस्यों को छोड़कर किसी अन्य को आयोजन की जानकारी नहीं भेजा गया था। शपथ ग्रहण करने पहुंचे सदस्यों ने तैयारी नहीं देखकर आपत्ति दर्ज कराया। बवाल मचने के बाद एसडीएम मनोज मरकाम ने मौके पर पहुंचकर जायजा लिया। अधूरी तैयारी देखकर समारोह के स्थगित होने की सूचाना देते हुए कहा कि आगामी 12 मार्च को नए सिरे से शपथ ग्रहण कराया जाएगा। वहीं दूसरी ओर प्रदेश भाजपा के महामंत्री भरत वर्मा की उपस्थिति में शपथ ग्रहण कराया गया।

### पटेवा में शिव पुराण कथा 31 से

**पटेवा।** पटेवा के बाजार चौक में आगामी 31 मार्च से 4 अप्रैल तक शिव महापुराण कथा का आयोजन भुवन लाल साहू एवं कृपाराम साहू द्वारा किया गया है। कथावाचक पं दिग्विजय शर्मा अरजकुंड होंगे। कार्यक्रम के तहत आगामी 31 मार्च को स्थापना, कलश यात्रा, महात्म्य कथा, एक अप्रेल को शिलनिधि, नारद मोह, भस्म प्रकार, 2 को श्रृष्टि वर्णन, शिव पार्वती विवाह, 3 को तारका वध, शालिग्राम कथा एवं 4 अप्रैल को द्वादश ज्योतिर्लिंग दर्शन बताया जाएगा।

समापन पश्चात सरपंच लक्ष्मीरवि वर्मा द्वारा भंडारा रखा गया है। कथावाचन दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक होगा। यह जानकारी कृपाराम साहू ने दी।

## महिलाओं ने जंगल बचाने बनायी फायर लाइन



**बांधाबाजार।** वनांचल क्षेत्र में महिला दिवस को लोग विद्या कार्य गतिविधि के माध्यम से मानते हैं। सृष्टि संस्था के कार्य क्षेत्र में शामिल ग्राम ततोडा, उरवाही, कोड़ेवाड़ा तथा चिरचारी की महिलाओं ने इस मौके पर वृक्षों की पूजा अर्चना किया। उन्होंने वन को आग से बचाने अग्नि पथ फायर लाइन का निर्माण किया। पड़की में महिलाओं ने जंगल के लड़की के निस्तार हेतु पारंपरिक नियम बनाए हैं जिसके अनुसार महिला रजस्वला होने पर जंगल में निस्तार, गौण वन उपज संकलन हेतु नहीं जाएगी। प्रसव के तीन माह बाद ही वन में निस्तार गौण वन उपज आदि के संकलन हेतु जाएगी। वन सुरक्षा हेतु महिला अन्य पुरुष के साथ नहीं जाएगी। कार्यक्रम में जयवंतीन बाई कवड़ों, मनकाय बाई, झमित बाई मंडावी, पैंतीबाई, संतोषी पटेल, बसंता बाई मेश्राम, तीजनबाई यादव, तीगो बाई चंद्रवंशी आदि शामिल हुई। यह कार्यक्रम खैरी, पड़की, भुरभुसी, माधोपुर, बामनी, गल्लेटोला, नाडेकल, चिरचारी, मकोड़ी, ततोडा, कोड़ेवाडा, मर्देल, मुद्याल, मदियांनडीह आदि में सृष्टि संस्था के अर्जुन कुमेटी, गजाराम धुर्वे, सरिता कोरेटी, कलस्टर समन्वयक जयदेव मोहुर्ले के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

## नए पंचायत प्रतिनिधियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तुमड़ीबोड़



जनपद पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 2 के अधीन आने वाली ग्राम पंचायत तुमड़ीबोड़, कोपेडीह, आलीखुटा और आरगांव के पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान समारोह पूर्वक किया गया। आयोजन में जिला किसान कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष मदन साहू की मौजूदगी रही। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया। इस मौके पर उन्होंने 5 साल तक जनपद सदस्य और उपाध्यक्ष के रूप में सेवा देने का अवसर देने के लिए सभी आभार व्यक्त किया। उन्होंने सरिता साहू को जनपद सदस्य बनाने के धन्यवाद ज्ञापित किया।

नवनिर्वाचित जनपद सदस्य सरिता साहू एवं पूर्व जनपद उपाध्यक्ष मदन साहू ने तुमड़ीबोड़, कोपेडीह, आलीखुटा, आरगांव के नवनिर्वाचित पंच, सरपंच, उप सरपंच का सम्मान नगाड़े की थाप के साथ श्रीफल और साल भेंट कर किया। इस मौक पर तुमड़ीबोड़ सरपंच भुनेश्वरी साहू, उप सरपंच भूपेंद्र सोनवानी, कोपेडीह सरपंच बीरसिंग चंद्रवंशी, उप सरपंच टेलन सिंह वर्मा, आरगांव उप सरपंच तुल्लेश्वर साहू के अलावा बिनाधर वर्मा, टीकम पटेल, मनोज साहू, बिहारी चंद्रवंशी, क्रांति बंजारे, मोहित पटेल, संजय झा, खेमलाल चंद्रवंशी, सहसराम, बिसौहाराम साहू, शोबस साहू, छबिल निषाद, रेशुलाल सिन्हा, पूनम साहू, रामलाल विश्वकर्मा, गोपी साहू, जयराम साहू, उर्वशन साहू, संगीत वर्मा, खिलावन साहू, प्रीतम साहू, पुनीत वर्मा, गौतम वर्मा, सुखराम साहू, माधव साहू, लूपकुमार वर्मा, कृपाराम पटेल, गौतम यादव, नैनेश्वर पटेल, चंद्रभान सिन्हा, गोवद साहू, मोहनीश साहू उपस्थित थे। संचालन ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष चुम्मन साहू ने किया। अंत में आभार व्यक्त बिसौहा राम साहू ने किया।

पाठक सूचना

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082


**पर्व:** कवर्धा शहर सहित अंचल में नजर आ रही होली पर्व की रौनक

# होलिका दहन आज, तैयारियां अंतिम दौर में, लोगों में दिख रहा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगर में उल्लासपूर्ण वातावरण में युवाओं एवं बच्चों द्वारा होलिका दहन की अंतिम तैयारियां की जा रही है। युवाओं एवं बच्चों की टोलियां होलिका दहन के एक दिन पूर्व होलिका दहन की अंतिम तैयारियों में जुटे नजर आए।

उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर के ठाकुर पारा, देवांगन पारा, गुप्ता पारा, मठपारा, राजमहल पारा, राजमहल कालोनी, आदर्श नगर, गंगा नगर, कैलाश नगर, अयोध्याधाम कॉलोनी सहित कई स्थानों में होलिका दहन का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा नगर के विभिन्न चौक-चौराहों में भी होलिका स्थापित की गई है। जिसे आकर्षक तोरन पताका से सजाया जा रहा है। जहां छोटी समितियों द्वारा घूम-घूमकर होलिका दहन के लिए लकड़ी, कंडा की व्यवस्था कर रही है। वहीं बड़ी समितियों द्वारा सीधे टाल से लकड़ी खरीद कर इंतजाम किया जा रहा है। होलिहा दहन का आयोजन करने वाली उत्साही समीतियों तथा बच्चों व युवाओं ने बताया कि होलिका दहन 13 मार्च को शुभ मुहुर्त में किया जायेगा। कई स्थानों पर होलिका दहन के दिन फाग गीत का भी आयोजन किया गया है।



### नगर के बाजार में बढ़ी रौनक

होली के त्यौहार को देखते हुए बाजार में भी काफी रौनक दिखाई दे रही है। आस-पड़ोस के ग्रामीण अंचलों से लोगों की भारी भीड़ होली की खरीददारी करने जिला मुख्यालय के बाजार में उमड़ रही है। नगर में होली का बाजार भी सजकर तैयार हो चुका है और रंग, गुलाल, पिचकारी सहित होली उपयोगी दूसरी सामग्रियों की दर्जनो दुकाने लगाई गई है। इसके अलावा नगर के बाजार में होली के लिए नगाड़े भी खूब बिक रहे हैं। कुल मिलाकर नगर के बाजार में होली का उल्लास साफ नजर आ रहा है।



### सुरक्षा की चाक चौबंध व्यवस्था

इस बार होली और जुमा को देखते हुए नगर सहित जिलेभर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। कवर्धा नगर की बात की जाए तो प्रमुख चौक चौराहों तथा संवेदनशील ईलाकों में सुरक्षा बल तैनात किए जाने की तैयारी है। इसके अलावा कई पेट्रोलिंग पार्टी भी बनाई गई है जो शहर के सभी ईलाकों तथा मुख्य मार्गो में गस्त करेंगी। पुलिस प्रशासन द्वारा मोटर सायकल पर तीन सवारियों, हुड़दंगियों, असामाजिक तत्वों तथा शराबियों पर खास नजर रखे जाने की बात कहीं है।

# ग्राम दानीघठोली से उलट बगदई मार्ग खस्ताहाल व जर्जर



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विकासखण्ड सहसपुर लोहारा क्षेत्रांतर्गत ग्राम दानीघठोली से उलट बगदई तक बेहद जर्जर और खस्ताहाल हो चुके मार्ग की मरम्मत कराए जाने की मांग क्षेत्र के ग्रामीणों ने की है। इस संबंध में क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि मुख्य मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत वर्ष 2016-17 में निर्मित कराए गए इस बहुउपयोगी सड़क मार्ग के निर्माण कार्य के दौरान बरती गई अनियमितता और समय रहते मरम्मत तथा रखरखाव के आभाव में अब यह मार्ग पूरी तरह से जर्जर व खस्ताहाल हो चुका है। स्थिति ये है कि मार्ग में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे निर्मित हो चुके है। जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग का उपयोग कई गांव के ग्रामीण, किसान स्कूली विद्यार्थी आने जाने के लिए करते हैं। लेकिन मार्ग की हालत बेहद खस्ता होने के कारण लोगों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होने बताया कि करीब 4 किलो मीटर के इस मार्ग के मरम्मत की मांग वे बकायदा क्षेत्रीय विधायक के जनसमस्या निवारण शिविर में लिखित आवेदन सौंप कर चुके हैं लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। ग्रामीणों ने पुनः सड़क मरम्मत कराए जाने की गुहार शासन-प्रशासन तथा क्षेत्रीय विधायक से लगाई है।

## खबर संक्षेप

### जिला भाजपा का होली मिलन समारोह 14 को

**कवर्धा।** रंगों के पर्व होली के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी द्वारा आगामी 14 मार्च, शुक्रवार को गांधी मैदान कवर्धा में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में डॉ. रमन सिंह पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष, विजय शर्मा उपमुख्यमंत्री, संतोष पाण्डेय सांसद, अभिषेक सिंह पूर्व सांसद, भावना बोहरा विधायक, विशेषर पटेल अध्यक्ष गौ सेवा आयोग, अशोक साहू निवर्तमान जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक, डॉ. सियाराम साहू पूर्व विधायक, मोतीराम चंद्रवंशी पूर्व विधायक, रामकुमार भट्ट प्रदेश संयोजक पंचायत प्रकोष्ठ, अनिल कुमार सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, ईश्वरी साहू जिला पंचायत अध्यक्ष कबीरधाम और चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी नगर पालिका अध्यक्ष कवर्धा सहित अन्य प्रमुख नेता शामिल होंगे। भारतीय जनता पार्टी ने सभी कार्यकर्ताओं और जिलेवासियों से सपरिवार उपस्थित रहने का आग्रह किया है। इस भव्य होली मिलन समारोह की जिला भाजपा द्वारा जोरदार तैयारी की जा रही है।



### अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन 10 अप्रैल तक

**कवर्धा।** भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए युवाओं को सुनहरा अवसर मिलने जा रहा है। इच्छुक युवा 10 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन सेना की वेबसाइट में कर सकते है। अग्निवीर की भर्ती जनरल, तकनीकी, क्लर्क, ट्रेडमेन (8-10वीं), महिला सैन्य पुलिस व रेगुलर कैडर भर्ती धर्म गुरू, नर्सिंग सहयोगी, सिपाही फार्मा के पदों के लिए जारी की गई है।

# ग्राम पंचायत के प्रथम सम्मेलन में गौ माता को ग्राम माता का दर्जा देने का प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला मुख्यालय से 25 किमी दूर लोहारा ब्लॉक के ग्राम पंचायत टाटीकसा में बुधवार को नवनिर्वाचित सरपंच, उपसरपंच और पंचगणों का पंचायत सचिव मेघराज सेन की उपस्थिति में प्रथम सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया, जिसमें गौ माता को ग्राम माता बनाए जाने का समर्थन किया गया। सरपंच संगीता साहू ने सम्मेलन में प्रस्ताव रखा कि गौ माता को ग्राम माता का दर्जा दिया जाए, और यह प्रस्ताव सभी पंचायत सदस्यों द्वारा समर्थन के साथ पारित हुआ। इस अवसर पर सरपंच संगीता साहू ने बताया कि गौ माता को ग्राम माता बनाने का निर्णय इसलिए लिया गया क्योंकि हमारा अस्तित्व गाय से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा गौ माता हमारे लिए सिर्फ एक पशु नहीं, बल्कि हमारे जीवन का अहम हिस्सा हैं। वे हमारे लिए माता समान हैं और उनकी रक्षा व सेवा के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि गायों की सेवा और रक्षा के लिए वर्तमान में स्व सहायता समूह द्वारा गौशाला का संचालन किया जा रहा है, जिसे और बेहतर तरीके से विकसित किया जाएगा। साथ ही, गौवंश के लिए पर्याप्त चारा भंडारण और सुरक्षित निवास की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा, पंचायत द्वारा गौरक्षक समिति का गठन किया जाएगा, ताकि गौ तस्करी पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। इस अवसर पर पंचायत सचिव मेघराज सेन, गुमान सिन्हा (रोजगार सहायक), पंच निरा साहू, पंच गोदावरी साहू, पंच रूपा, पंच सावित्री, पंच डेरहा धुर्वे, पंच मोहित रजक, पंच बंशी रजक, और ग्राम कोटवार दशरथ गंधर्व प्रमुख रूप से उपस्थित थे।




## जंगल में हफ्तेभर से दहक रही आग...



**कवर्धा।** जिले के विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्र में पंडरिया–बजाग मार्ग स्थित चीतहरिन पास जंगल में विगत करीब हप्ते से आग सुलग रही है लेकिन क्षेत्र के लोगों का कहना है कि वन विभाग द्वारा इस आग को बुझाने के कोई प्रयास नहीं किए जा रहे है। जिससे जंगलों को भारी नुकसान हो रहा है और जंगल में लगी आग लगातार अपना दायरा बढ़ा रही है।

## महराजपुर में विदाई समारोह आयोजित



**कवर्धा।** प्रधान पाठक गोकुल जायसवाल के मार्गदर्शन में 10 मार्च 2025 दिन सोमवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय महराजपुर में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत महराजपुर के नव निर्वाचित सरपंच संतु सिंह धुर्वे उप सरपंच सनत जायसवाल शाला प्रबंध समिति पूर्व माध्यमिकशाला नेतराम पटेल प्राथमिक शाला रामू जायसवाल समिति के पूर्व अध्यक्ष गुलाब राम जायसवाल पंचगण विष्णु जांगडे, दीपक चौबे अंकित शर्मा, वहिद शाह, विनोद छेदावी, कुबेर मरकाम, देवनाथ पटेल, गोपाल निषाद, कीर्ति राडेकर उपस्थित थे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथियो ने मां सरस्वती के छायाचित्र में माल्यार्पण कर पूजा वंदन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात अतिथियों का पुष्पाहार से स्वागत किया गया। सभी अतिथियों ने अपने उद्बोधन में सभी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई एवम शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कक्षा छठवीं एवम सातवी के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए और अपने सहपाठी कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों को गिफ्ट देकर विदाई दी। कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों में राज खूंटे, राजा अहिरे, मेघराज पटेल,कस्तूरी खूंटे, दुर्गेश्वरी जायसवाल,निखत शाह ने विद्यालय में तीन साल तक पढ़ाई करने का अनुभव का शेयर किए। कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों ने विद्यालय के लिए प्रधान पाठक को भगवान रामलला का फोटो भेंट किए। अंत

# खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने मिठाई दुकानों का किया निरीक्षण

## विभाग ने कई दुकानों से एकत्र किए गए खाद्य सामग्री के नमूने

- एसडीएम कवर्धा के नेतृत्व नगर सहित अंचल की दुकानों में किया गया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार एवं एसडीएम कवर्धा के मार्गदर्शन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला कबीरधाम द्वारा होली पर्व के दौरान जिले में अवमानक मिठाई और खाद्य पदार्थों की बिक्री की संभावना को देखते हुए जितेन्द्र कुमार नेले, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं मुकेश कुमार साहू द्वारा कवर्धा, पांडातराई, पंडरिया, बोड़ला, सहसपुर लोहरा एवं कुंडा के मिठाई दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान, कवर्धा शहर के न्यू कल्पना रेस्टोरेंट का खोवा, श्रीधर जोधपुरी स्वीट्स से चमचम, बीकानेर स्वीट्स से मिक्चर, मधुरम स्वीट्स से मलाई कतली, होटल कल्पतरु से मिल्क केक, गुप्ता मिष्ठान भंडार पंडरिया से रसगुल्ला, शिव होटल पंडरिया से कलाकंद, मिश्रा स्वीट्स पंडरिया से पेड़ा, और श्रीजी राजस्थान स्वीट्स से मलाई रोल का नमूना लिया गया। इन नमूनों को खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। निरीक्षण के दौरान मिठाई दुकान संचालकों को साफ-सफाई बनाए रखने, हैण्ड ग्लव्स और कैप पहनने, मिठाई के निर्माण और उसकी अवसान तिथि अंकित करने, और त्यौहारी सीजन में सिर्फ शुद्ध मिठाई का विक्रय करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने आम जन और खाद्य कारोबारकर्ताओं से अपील की है कि वे खाने-पीने की चीजों के लिए अखबारी कागज/पेपर का उपयोग न करें। अखबार में उपयोग की जाने वाली स्याही में हानिकारक रसायन और रंगकर्मी होते हैं, जो तेल के साथ मिलकर खाने के जरिए शरीर में प्रवेश करते हैं। इससे पाचन संबंधी विकार, टॉक्सिसिटी, कैंसर, महत्वपूर्ण अंगों की विफलता, और प्रतिरक्षा तंत्र के कमजोर होने जैसी गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। खाद्य विभाग ने खाद्य व्यापारियों को मानक स्तर की खाद्य सामग्री विक्रय करने, साफ-सफाई बनाए रखने, और बिना अनुज्ञप्ति/पंजीयन के व्यापार न करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान बिसौहा राम धुर्वे, सहायक ग्रेड भी उपस्थित थे।




## नवनिर्वाचित जनपद सदस्य दुर्गा सिंह व उपाध्यक्ष अशोक पटेल ने पदभार ग्रहण किया

# जनपद पंचायत स.लोहारा में हुआ जन प्रतिनिधियों का प्रथम सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स.लोहारा

जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा में नव निर्वाचित जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्यों का प्रथम सम्मेलन बुधवार को आयोजित किया गया।

इस अवसर पर पूर्ण बहुमत से चुने गए स. लोहारा जनपद पंचायत की नव निर्वाचित जनपद अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा सिंह, जनपद उपाध्यक्ष अशोक पटेल एवं जनपद सदस्यों में क्षेत्र क्रमांक 1 से सरस्वती साहू, क्षेत्र क्रमांक 2 से गणेश नेताम, क्षेत्र क्रमांक 3 से शंभू पटेल, क्षेत्र क्रमांक 4 से अशोक पटेल, क्षेत्र क्रमांक 5 से सरस्वती साहू, क्षेत्र क्रमांक 6 से योगेश साहू, क्षेत्र क्रमांक 7 से फुलेश्वरी बाई साहू क्षेत्र क्रमांक 8 से आशा नेताम, क्षेत्र क्रमांक 9 से लीला वर्मा, क्षेत्र क्रमांक 10 से प्रमिला झरिया, क्षेत्र क्रमांक 11 से रूबी वैष्णव, क्षेत्र क्रमांक 12 से लक्ष्मी साहू, क्षेत्र क्रमांक 13 से शेष नारायण बैस, क्षेत्र क्रमांक 14 से जीवन नेताम, क्षेत्र क्रमांक 15 से दिनेश विश्वकर्मा, क्षेत्र क्रमांक 16 से श्रीमती दुर्गा सिंह, क्षेत्र क्रमांक 17 से सुदर्शन कुंभकार, क्षेत्र क्रमांक 18 से लक्ष्मी कौशिक, क्षेत्र क्रमांक 19 से राजेश कौशिक, क्षेत्र क्रमांक 20 से प्रतिमा साहू, क्षेत्र क्रमांक 21 से रूखमणि साहू, क्षेत्र क्रमांक 22 से राहुल साहू, क्षेत्र क्रमांक 23 से द्रोपती पटेल क्षेत्र क्रमांक 24 से रूखमणि साहू एवं क्षेत्र क्रमांक 25 से जनपद सदस्य कुलदीप सिंह ने उपस्थित होकर पदभार ग्रहण किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष नरेश साहू, बसंत बोहरा, ठाकुर सुदेश सिंह,रामकृष्ण साहू, ईश्वर साहू, श्रीमती पुष्पा दिनेश पांडेय,राजू पारख, युवराज सिंह, धरम पाल कौशिक, दारा सिंह, राघवेंद्र सिंह,सुरेश साहू, अरविंद सिंह, खोमलाल साहू, टीकम साहू, कृष्णा साहू, प्रहलाद साहू,तुलाराम साहू, हेमंत साहू, दिवाकर डड़सेना आदि उपस्थित थे।



# प्रधानमंत्री आवास योजना का निरीक्षण करने हितग्राहियों के पास पहुंचे जिपं सीईओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्य की प्रगति का निरीक्षण करने जिला पंचायत कबीरधाम के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) अजय कुमार त्रिपाठी जनपद पंचायत पंडरिया के ग्राम पंचायत कुण्डा पहुंचे। उन्होंने निर्माणाधीन आवासों का जायजा लिया और हितग्राहियों से सीधे चर्चा कर निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, आपूर्ति और पंचायत स्तर पर किए जा रहे सहयोग की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान श्री त्रिपाठी ने उपस्थित ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक और आवास मित्र को निर्देशित किया कि पंचायत में स्वीकृत सभी आवासों का निर्माण 30 मार्च तक अनिवार्य रूप से गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। जिन आवासों के निर्माण में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है, उनके लिए कर्मचारियों को व्यक्तिगत रुचि लेकर कार्य को शीघ्र पूरा करने को कहा गया। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि समय सीमा में लक्ष्य पूरा नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। सीईओ श्री त्रिपाठी ने आवास योजना की हितग्राही श्रीमती जलेश्वरी पति सहतेरूह के निवास पर पहुंचकर निर्माण कार्य की स्थिति देखी। उन्होंने हितग्राहियों से समय पर आवास निर्माण की राशि प्राप्त होने की जानकारी ली और निर्माण कार्य की गुणवत्ता का अवलोकन किया। इसके अलावा, ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देशित किया गया कि नए पात्र हितग्राहियों के सर्वे कार्य में तेजी लाई जाए। बताया गया कि आवास प्लस 2024 के तहत छूटे हुए हितग्राहियों का सर्वे ऐप के माध्यम से किया जा रहा है, जिसके लिए जिले के सभी सचिव अधिकृत हैं। साथ ही, हितग्राही स्वयं भी ऐप पर जाकर अपना विवरण दर्ज कर सकते हैं। सीईओ श्री त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सभी लाभार्थियों को समय पर घर उपलब्ध कराना प्राथमिकता है, ताकि वे बारिश से पहले अपने नए आवास में रह सकें।

## सार समाचार

### शिक्षक फेडरेशन ने डीईओ को ज्ञापन सौंपा



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन के पदाधिकारियों ने जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल से मिलकर छात्रहित एवं शिक्षकों के हित को ध्यान में रखते ज्ञापन सौंपा है। फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष मनीष मिश्रा एवं जिलाध्यक्ष रमेश कुमार साहू की अगुवाई में प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन के माध्यम से कक्षा 5वीं - 8वीं बोर्ड परीक्षा को ध्यान में रखते समस्त विद्यालयों में सुबह स्कूल लगाने, पहली से चौथी, 6 वीं व 7वीं कक्षा की स्थानीय परीक्षा की समय सारिणी शीघ्र जारी करने, 1 अप्रैल 2024 की स्थिति में सहायक शिक्षकों की वरिष्ठता सूची जारी करने, सहायक शिक्षक एलबी से प्रधान पाठक, प्राथमिक शाला में पदोन्नति आदेश जारी करने एवं उच्च परीक्षा में बैठने की अनुमति आदेश जारी करने मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रांताध्यक्ष मनीष मिश्रा, जिलाध्यक्ष रमेश कुमार साहू, मिलन साहू प्रांतीय पदाधिकारी, प्रांतीय पदाधिकारी मंजू देवांगन, जिला संयोजक ओमप्रकाश साहू, छुरिया ब्लाक अध्यक्ष कीरत गणवीर, डोंगरगांव ब्लाक अध्यक्ष प्यारेलाल साहू, राजनांदगांव ब्लाक अध्यक्ष रोशनलाल साहू, डोंगरगढ़ ब्लाक अध्यक्ष हीरालाल मौर्य, जिला मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफारे, जिला संयोजक ललित प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष भरत साहू, उमाशंकर साहू, राकेश खोबरागड़े, विनोद सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष बंदीश नेमपांडे, जिला प्रवक्ता अमीन कुरैशी, सूरज प्रसाद शर्मा, उमेश देशलहरा, खिलावन ठाकुर, मुकेश देवांगन, ओगेश्वर प्रसाद साहू, पूरन कोठारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इसके अनुसार राजनांदगांव तहसील अंतर्गत आग से जनहानि होने पर 4 लाख रुपए एवं सर्पदंश से जनहानि होने पर 4 लाख रुपए स्वीकृत की गई है।

### जब्त वाहन को किया राजसात

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी संजय अग्रवाल द्वारा छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत वार्ड क्रमांक 4 पथर्रा जांजगीर दुर्ग निवासी शाहिल भारती के स्वामित्व के जब्तशुदा वाहन टाटा 1552 बी 56 वाहन क्रमांक सीजी 07 सीएम 5351 को शासन के पक्ष में राजसात किया गया है। राजसात किए गए वाहन चालक द्वारा कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम व पशुओं के प्रतिक्रूरता का निवारण अधिनियम का उल्लंघन करते 36 नग मवेशी गाय व बछड़ा वाहन में भरकर बिना चारा-पानी के क्रूरतापूर्वक बूचड़खाना व कत्लखाना की ओर तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते ले जा रहा था। कलेक्टर ने पुनरीक्षण अवधि समाप्त हो जाने और सक्षम न्यायालय से किसी प्रकार का कोई आदेश प्राप्त नहीं होने पर राजसात किए गए वाहन को नियमानुसार आरटीओ से मूल्यांकन कराकर नीलामी की कार्रवाई करते प्राप्त राशि छत्तीसगढ़ शासन के निर्धारित मद में खजाना दाखिल करने की कार्रवाई की जाएगी। सक्षम न्यायालय (सत्र न्यायालय) से आदेश के विरूद्ध कोई आदेश प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई न्यायालय के आदेशानुसार की जाएगी।

### पांचवी के बच्चों की दी विदाई

**राजनांदगांव।** शासकीय प्राथमिक शाला सहसपुरदल्ली के कक्षा 5वी के बच्चों का ससम्मान विदाई समारोह आयोजित किया गया। सर्वप्रथम 5वीं के बच्चों का फूल बरसाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात 5वीं के बच्चों द्वारा मां सरस्वती की पूजा की गई।



प्रधान पाठक जितेन्द्र कुमार हिरवानी द्वारा सरस्वती वंदना किया गया। 5वीं के बच्चों द्वारा सभी स्कूल के बच्चों को शुभाशीष दिया गया। कक्षा 1से 4 तक के बच्चों द्वारा 5वीं के बच्चों को स्कूल की ओर से प्रतीक चिन्ह दिया गया। इस अवसर पर शबनम खान एवं इकबाल खान द्वारा बच्चों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। मीना यादव एवं ओमकुमारी भी उक्त अवसर पर मौजूद रही।

### महिला दिवस पर साइंस कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित

**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में 8 मार्च को प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के मार्गदर्शन में महिला प्रकोष्ठ व रासेयो के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। सभा को संबोधित करते प्राचार्य डॉ. उमरे ने कहा कि 08 मार्च का दिवस महिलाओं की उपलब्धियों को



सम्मानित करने व समानता, सशक्तिकरण की दिशा में किए गए प्रयासों पर चिंतन करने का अवसर है। महिलाओं को विश्वास दिलाने का दिन है कि महिलाएं जो चाहे बन सकती है, बाधाओं को तोड़कर आगे बढ़े, ऐसे महिलाओं याद करने का दिन है। रासेयो अधिकारी डॉ. एसआर कन्नोजे ने कहा कि जो भी देश महान बने हैं, वे महिलाओं को उचित स्थान देकर ही बने है। डॉ. फुलसो राजेश पटेल ने कहा कि महिलाएं परिवार, समाज व राष्ट्र की धुरी है। वे राष्ट्र निर्माता है, महिलाओं को शिक्षित करना होगा, जब वे शिक्षित होंगे तो वे अपनी मुक्ति का मार्ग खुद ढूंढ लेंगी, अपनी समस्याओं का समाधान खुद कर लेंगी। पुष्पप्रदा सिंह ने कहा कि देश में महिला व पुरुष में भेद मिटना चाहिए। शिक्षा के उपरांत रोजगार, स्वरोजगार से जुड़कर महिलाएं आत्मनिर्भर हो सकती है। भारत में महिलाएं हर क्षेत्र में अपना नाम कमा रही है, धरती से लेकर अंतरिक्ष तक महिलाओं का नाम गुंजित हो रहा है, शक्ति के बिना संसार का विकास नही हो सकता। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ व अधिक संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### 10 जून तक नवीन नल कनेक्शन प्रतिबंधित

**राजनांदगांव।** ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की स्थिति समान्य बनाए रखने नगर निगम द्वारा नवीन नल कनेक्शन प्रदाय 10 जून 2025 तक प्रतिबंधित किया जाता है। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु में वार्डों में पेयजल की स्थिति समान्य बनाए रखने हेतु नवीन नल कनेक्शन निजी एवं कालोनी आवेदन पत्रों पर (अपरिहार्य स्थिति को छोड़कर) 20 मार्च से 10 जून तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई किए जाने प्रतिबंधित किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष ग्रीष्म ऋतु के प्रारंभ से ही शिवनाथ नदी का जल स्तर कम हो गया है। जिससे समुचित पेयजल सप्लाई में कठिनाई आ रही है। नए नल कनेक्शन देने से पानी की पूर्ति करने में बाधा पहुंचेगी। इस कारण वर्तमान में समुचित पेयजल सप्लाई के लिए नए नल कनेक्शन प्रतिबंधित करना होगा, ताकि पेयजल सप्लाई में परेशानी न हो। आयुक्त ने कहा कि प्रतिबंधित अवधि में निजी नल कनेक्शन मरम्मत एवं अन्य नल कनेक्शन संबंधित मरम्मत कार्य किया जाएगा। जिसके लिए नियमानुसार आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

## आयुक्त ने जायजा लेकर संबंधितों को दिए निर्देश

# झिल्ली-पन्नी और डिस्पोजल फेंकने वालों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा वार्डों में साफ-सफाई देख एक ओर सफाई कर्मियों का उत्साह बढ़ा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर वार्डवासियों से चर्चा कर सफाई में सुधार के लिए सलाह ले रहे हैं। उन्होंने शहर के अंतिम वार्ड हल्दी में साफ-सफाई देख लोगों से फीडबैक लिया।

आयुक्त ने हल्दी में साफ-सफाई देख हाजिरी रजिस्टर की जांच कर सुपरवाइजर से कहा कि प्रातः उपस्थिति लेकर उपस्थित कर्मचारी का कार्य की समाप्ति समय मिलान करें कि वह निर्धारित समय तक कार्य कर रहा है कि नहीं और बिना अनुमति अनुपस्थित कर्मचारी के बारे में उच्च अधिकारियों को अवगत कराएं, ताकि कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखकर लोगों से साफ-सफाई के लिए चर्चा करें, उनके द्वारा बताए, समस्या का समाधान करें, उन्हें स्वच्छता से जोड़े। उन्होंने सुलभ शौचालय मरम्मत कार्य का जायजा लेकर कार्य में गति लाकर जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### कार्रवाई के निर्देश

बसंतपुर जिला चिकित्सालय पास का नाला को देख आयुक्त ने कहा कि नाला की नियमित रूप से सफाई कार्य जारी रखे। नाला के आसपास डिस्पोजल, दूध का पैकेट, कचरा आदि बिखरे देख स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा से कहा कि आसपास के दुकानदार ठेला वालों को कचरा नहीं फेंकने समझाईस दें। अपालन पर कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि जहां भी झिल्ली-पन्नी, डिस्पोजल बिखरा दिखे, उसकी सफाई तो करें, पर आसपास के दुकानदारों या फेंकने वालों पर सख्त कार्रवाई करें।

# मांग पूरी नहीं होने पर 18 से पंचायत सचिवों की हड़ताल

**राजनांदगांव।** प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार के घोषणा पत्र में प्रदेश पंचायत सचिवों का शासकीयकरण किए जाने की गारंटी दी गई थी, लेकिन अब तक घोषणा पत्र में किया गया वादा पूरा नहीं होता देख प्रदेश के ग्राम पंचायत सचिव संघ द्वारा आगामी 18 मार्च से जनपद पंचायत मुख्यालय में अनिश्चितकालीन हड़ताल की शुरूआत की जा रही है। वहीं 17 मार्च को विधानसभा घेराव और 1 अप्रैल को मंत्रालय घेराव किए जाने की सूचना अपने ज्ञापन के माध्यम से कलेक्टर को दी गई है।

पंचायत सचिव संघ ने अपने ज्ञापन में कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करने का वादा किया गया था। वर्ष 1995 से कार्यरत पंचायत सचिवों को शासकीयकरण की गारंटी दी गई थी। वहीं मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा अनुरूप 16 जुलाई 2024 को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा समिति गठन कर 30 दिवस के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु उल्लेख किया गया था। उक्त आदेश के परिपालन में कमेटी द्वारा पंचायत सचिवों के शासकीयकरण के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया गया है, जिस पर पंचायत सचिवों को पूर्ण आशा एवं विश्वास था कि रिपोर्ट अनुसार बजट सत्र में शासकीयकरण को सौगात प्रदान किया जाएगा, किन्तु बजट सत्र में नहीं आने एवं इस विषय पर सरकार द्वारा कोई पहल नहीं करने के कारण पूरे प्रदेश के पंचायत सचिव क्षुब्ध एवं आक्रोशित हैं।

### बैठक में लिया निर्णय

प्रदेश पंचायत सचिव संघ द्वारा बीते 10 मार्च को कवर्धा में बैठक कर निर्णय लिया गया कि 17 मार्च को प्रदेश के समस्त सचिवों द्वारा विधानसभा घेराव कर 18 मार्च से ब्लॉक मुख्यालय में अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जाएगा। जिसमें राजनांदगांव, डोंगरगांव, छुरिया, डोंगरगढ़ के समस्त सचिव प्रांतीय आह्वान पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर शामिल रहेंगे।

# अवैध रूप से शराब बिक्री आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपी से 38 पौवा देशी एवं 11 पौवा अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले में चलाए जा रहे अवैध शराब बिक्री, परिवहन की रोकथाम के विरूद्ध अभियान के तहत लालबाग पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ट्रांसपोर्ट नगर चौक के पास मुगल पान ठेला के पीछे संतकुमार राय नामक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है।

**घेराबंदी कर पकड़ा**

सूचना पर थाना प्रभारी लालबाग प्रशिक्षु भापुसे ईशु अग्रवाल के नेतृत्व में थाना स्टाफ व पेट्रोलिंग के हमराह स्टाफ ट्रांसपोर्ट नगर चौक पहुंचकर मुगल पान ठेला के पीछे घेराबंदी कर व्यक्ति को पकड़ा, जो नाम पूछने पर अपना नाम संतकुमार राय 42 वर्ष निवासी आबादीपारा पेंड्री का होना बताया। जिसके पास से 38 पौवा देशी शराब, 11 पौवा अंग्रेजी शराब कीमती 5510 रुपए को जब्त किया गया। आरोपी का यह कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पाए जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम कर ज्युडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया।

# विस अध्यक्ष व सांसद के सहयोग से वार्डों के विकास के लिए फंड कराएंगे उपलब्धः यादव

- महापौर ने शंकर नगर-नवागांव में पेयजल आपूर्ति व सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर के वार्ड नं. 02 शंकर नगर-नवागांव अंतर्गत दीवानटोला, श्याम रेसिडेंसी एवं आसपास क्षेत्रों का महापौर मधुसूदन यादव ने बुधवार को निरीक्षण किया। वार्ड नं. 02 के पार्षद सावन वर्मा के विशेष अनुरोध पर महापौर मधुसूदन ने सुबह 10 बजे के लगभग नगर निगम अमले के साथ वार्ड क्रमांक 02 के वार्डवासियों से भेंट-मुलाकात की और उनकी समस्याओं को निराकरण किया। इस अवसर पर पार्षद सावन वर्मा, वार्डवासी संजय देवांगन, महेश देवांगन, टीकम वर्मा, भीषम देवांगन, प्रदीप मानिकपुरी, पिन्टू मानिकपुरी, प्रेम देवांगन, तिलक झारिया, संकेत रामटेके, हरीश देवांगन, लाल गिरि गोस्वामी, नगर निगम के ईई यूके रामटेके, अभियंतागण अनूप पाण्डे, सुषमा साहू एवं गरिमा वर्मा समेत अन्य लोग शामिल थे।

महापौर मधुसूदन यादव ने वार्डवासियों को संबोधित करते कहा कि वार्डवासी अगले 5 साल में अपने वार्ड के सर्वांगीण विकास के लिए एकजुट होकर चरणबद्ध कार्ययोजना तैयार करें। वार्ड के विकास के लिए फंड की कमी ही होनी दी जाएगी। महापौर ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं सांसद संतोष पाण्डे के सहयोग से शहर के सभी वार्डों के विकास के लिए केन्द्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं अंतर्गत फंड उपलब्ध कराएंगे। वार्डवासियों ने भी महापौर को पेयजल आपूर्ति, विद्युत व्यवस्था एवं सफाई व्यवस्था संबंधी वार्ड की छोटी-बड़ी समस्याओं से अवगत कराया। जिसका त्वरित निराकरण करते महापौर ने स्पॉट पर उपस्थित निगम के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया।

### माहेश्वरी समाज की बैठक 16 को

**राजनांदगांव।** श्री माहेश्वरी समाज राजनांदगांव द्वारा चैत्र नवरात्रि पर्व में श्रीमद् देवीभागवत का आयोजन आगामी 29 मार्च से 7 अप्रैल तक किया जा रहा है। माहेश्वरी समाज राजनांदगांव द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया कि उक्त आयोजन के लिए आगामी 16 मार्च को शाम 4 बजे माहेश्वरी भवन में सर्व समाज की बैठक आयोजित की गई है।

# चचेरे भाई ने की थी युवक की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

सड़क किनारे मृत मिले युवक का मामला हत्या का निकला। उसके चचेरे भाई ने मारपीट कर उसकी हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार खड़गांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 14 फरवरी को सूचक दुलार सिंह तुलावी ने मौके पर जुबानी रिपोटे दर्ज कराया कि उसका बेटा भूपेन्द्र तुलावी उर्फ बबलू 14 फरवरी को घर से अपने टीवीएस लुना से अपने दीदी के घर तेलीटोला जाने निकला था। तेलीटोला से 3 बजे घर ग्राम भावसा आने निकला था, जो शाम तक घर नहीं आया, तब सूचक द्वारा परिजनों के साथ पता तलाश हेतु ग्राम भावसा, चवेला, ढोढरी की ओर गए थे। पता तलाश किया, पता नहीं चलने पर घर वापस आ रहे थे। उसी समय हरेंपारा भावसा से तुलावीपारा भावसा के बीच पीएमजीएसवाय सड़क किनारे भूपेन्द्र पड़ा था। जिसको चेक करने पर उसकी मृत्यु हो गई थी। रिपोर्ट पर मर्ग धारा 194 बीएनएसएस कायम कर शव जांच पंचनामा कार्रवाई में लिया गया। मर्ग जांच पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 103 (1) बीएनएस का अपराध घटित करना पाए जाने से धारा 103 (1) बीएनएस कायम कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया।

### डंडा से किया था हमला

विवेचना दौरान अज्ञात आरोपी का पता तलाश हेतु सीडीआर, टॉवर डंप, एसडीआर का अवलोकन किया गया। एसडीआर में आए नंबरों के व्यक्तियो से पूछताछ करने पर संदेही पलटन तुलावी, अरूण तुलावी, भुपेन्द्र उर्फ बबलू को घटना दिनांक को घटनास्थल के पास घटना के समय देखना बताए। जिसके आधार पर संदेही पलटन तुलावी व अरूण तुलावी को तलब कर घटना के संबंध में गवाहों के समक्ष पूछताछ कर मेमोरेंडम कथन लिया गया, जो अपने-अपने मेमोरेंडम कथन में बताया कि 14 फरवरी को भोपत और बड़े पापा दुलारसिह, मां देवकीबाई तीनों भूपेन्द्र उर्फ बबलू को खोजने निकले थे, जो देर रात तक वापस नहीं आए हैं, बोलकर रात्रि 8.45 बजे पलटन तथा अरूण तुलावी दोनों तुलावीपारा भावसा से पैदल ही उन लोगों को ढूंढने गए। रास्ते में बबलू उर्फ भूपेन्द्र घटनास्थल चिरईजाम के पास मिला, जिसे पलटन ने कहा इतना देर तक कहां था, सब घर वाले खोज रहे हैं, बोलने पर मृतक भूपेन्द्र ने पलटन को गाली दिया और पलटन को एक थप्पड मारा, तब पलटन ने भूपेन्द्र को एक थप्पड मारा तो भूपेन्द ने अपने हाथ में रखे डंडा से पलटन को मारने कोशिश किया, तब पलटन ने उस डंडा को भूपेन्द्र से छीनकर उसी के सिर में तीन बार डंडा से मारा। जिससे भूपेन्द्र गिर गया, तब डरकर पलटन तथा अरूण भागकर घर की तरफ गए। घटना के बारे में किसी को नहीं बताया। पुलिस के अनुसार आरोपियों द्वारा एक राय होकर मृतक को डंडा से मारकर हत्या करना तथा पूर्व में कई बार पूछताछ कर बयान लेने पर भी घटना को छिपाये रखा, जिसे प्रकरण में धारा 61(2)(ए), 238, 3(5) बीएनएस जोडी गई। पुलिस ने आरोपी पलटन तुलावी उर्फ पल्टन 30 साल एवं अरूण कुमार तुलावी 20 साल साकिनान तुलावीपारा भावसा थाना खड़गांव को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

#### पेंड्री में पेयजलापूर्ति संकट

## मनकी जलाशय से पानी छोड़ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम व ग्राम पंचायत पेंड्री में लगभग डेढ़-दो किमी दूर स्थित पेंड्रीनाला एनीकट के पास नलकूप से पाईप लाइन के माध्यम से ग्रामीण आम जनता को पेयजलापूर्ति होता है, जो पेंड्रीनाला एनीकट विगत माह अक्टूबर-नवंबर से सूखा होने के कारण नलकूप में जलस्त्रोत काफी नीचे जाने से ग्रामीणों को पेयजलापूर्ति में अभी से संकट का सामना करना पड़ रहा है। जिसके कारण गांव वालों को पीने का पानी हेतु विवश होना पड़ रहा है।

ग्राम में नलकूप पेयजल आपूर्ति हेतु जलस्त्रोत बढ़ाने मनकी जलाशय/पुरैना जलाशय से पेंड्रीनाला एनीकट में अतिशीघ्र पानी भरा जाए तो जलस्त्रोत पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी उपलब्ध होगा। जिसके संबंध में ग्रामीणों द्वारा सामूहिक हस्ताक्षरयुक्त आवेदन मनकी जलाशय/पुरैना जलाशय से पेंड्रीनाला एनीकट में पानी भरने संबंधित विभाग सहायक यंत्री, जलसंसाधन विभाग राजनांदगांव को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

पेंड्री के वार्ड प्रमुख निर्विरोध निर्वाचित पंच रेखाकांत साहू, नरेन्द्र साहू, भाजपा कार्यकर्ता ताम्रध्वज सिन्हा, मिथलेश सिन्हा उपसरपंच, भोजराम ठाकुर, लच्छन ठाकुर, दुर्गेश कुमार साहू, रामखिलावन साहू, घनाराम सिन्हा, गणेशराम साहू, महेश सिन्हा, शिवचरणलाल साहू, नीलकंठ कौशिक, श्यामलाल ठाकुर, पन्ना गोंड, हरि सिन्हा, श्यामरत्न यादव समेत अन्य नागरिक हस्ताक्षरयुक्त आवेदन पत्र सिंचाई विभाग को निवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त जानकारी ग्राम पेंड्री के वरिष्ठ समाजसेवी योगदास साहू ने दी है।

पृष्ठ 11 का शेष

### पोस्ट आफिस में...

**आरोपी जेल दाखिल-** आरोपियों द्वारा सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर फर्जी नियुक्ति पत्र, आईडी कार्ड कुटकरण एवं प्रतिरूपण द्वारा तैयार कर धोखाधडी करने की नियत से प्रार्थी को देना पाए जाने से प्रकरण में धारा 419, 467, 468, 471, भादवि जोड़ी गई है। जुर्म अजमानतीय होने से विधिवत गिरफ्तार कर 12 मार्च को न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया। आरोपियों का जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रामेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक शंभूनाथ द्विवेदी, जी. सीरिल कुमार, आरक्षक रंजीत चौरसिया, प्रदीप जायवाल एवं थाना स्टॉफ की सराहनीय भूमिका रही।

online Booking:-www.tripuryatra.com



Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
स्पेशल ट्रेन से - 16 मई से 23 मई 2025 (08 दिन)
By Train - रिजर्वेशन कोच
09 मई से 16 मई 2025, 06 जून से 13 जून 2025
25 जुलाई से 1 अगस्त (सावन में) (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)/अयोध्या (श्री राम जन्मभूमि)
राशि- स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## हरिभूमि जन्मदिन उत्सव...



**टाटेकसा।** हरिभूमि जन्मदिन उत्सव योजना के तहत हरिभूमि के सम्माननीय पाठक रामगोपाल कुंजाम पिता हरिलाल ग्राम टाटेकसा निवासी को उनके जन्मदिन पर बधाई देते हुए गिफ्ट प्रदान किया गया।

# मोबाइल छिनने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रार्थियां का मोबाइल झपटकर मोटर साइकिल से फरार हुए आरोपी को पकड़कर पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपी से मोबाइल जब्त किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 3 मार्च को फरहद चौक में एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोबाइल को झपटकर मोटर साइकिल से भाग गया कि रिपोर्ट पर थाना लालबाग में धारा 304(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। इस मामले में पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि पेंड्री निवासी धनशू उर्फ घनश्यम खरे द्वारा मोबाइल को रखा है। सूचना पर आरोपी को घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लिया जाकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा जुर्म स्वीकार करने से आरोपी के कब्जे से नीला रंग के मोबाइल फोन वीवो कंपनी को समक्ष गवाहो के जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध पर्याप्त सबूत पाए जाने से आरोपी धनशू उर्फ घनश्यम खरे 19 वर्ष निवासी पेंड्री बस्ती को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रिमांड पर भेजा गया।

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ्रोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉर्म में रहते है।



अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।
संपर्क करें-
7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

# टैंकर भरोसे बुझ रही शहर की प्यास : दो दर्जन इलाकों में सुबह से देर रात तक हो रही सप्लाई, हर टैंकर लगा रहे आठ से दस चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोहारा स्थित एनीकट में सिल्ट जमने से वाटर स्टोरेज कम होने का खामियाजा पूरा शहर भुगत रहा है। पानी की कमी का आलम यह है कि शहर के दो दर्जन इलाकों में पेयजल आपूर्ति के लिए पानी टैंकर का सहारा निगम को लेना पड़ रहा है। सुबह दस बजे से लेकर रात बारह बजे तक निगम के टैंकर वार्डों की दौड़ लगा रहे हैं। इतना ही नहीं एक टैंकर दिनभर में आठ से दस ट्रिप पानी सप्लाई कर रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार शहर में करीब चालीस हजार परिवार रहते हैं। जिनको रोजाना पानी की सप्लाई करनी होती है, लेकिन मौजूदा समय में पर्याप्त स्टोरेज नहीं होने के चलते पानी की सप्लाई प्रभावित हो गई है। पानी की कमी के चलते शहर में दो टाईम की जगह एक दफा ही सप्लाई की जा रही है, लेकिन इसके बावजूद शहर के लोगों की पानी की पूर्ति नहीं हो पा रही है। जिसके चलते पानी टैंकर के जरिये पानी पहुंचाने की कवायद हो रही है।

## जलसंकट से जूझ रहा शहर, एक टाईम पेयजल आपूर्ति से निपटने निगम प्रशासन बहा रहा पसीना

### रसीद काटना बंद, पेयजल आपूर्ति हो रही

पानी की कमी से टैंकर की सप्लाई इस कदर बढ़ गई है कि निगम ने निजी आयोजन एवं कार्यक्रम के लिए पानी टैंकर की रसीद काटना ही बंद कर दिया है। टैंकर पिछले एक हफ्ते से केवल पेयजल आपूर्ति के लिए ही शहर के अलग-अलग इलाकों की दौड़ लगा रहे हैं। पानी टैंकर छोड़ने वाले कर्मियों ने बताया कि आम दिनों के मुकाबले अभी पानी की सप्लाई चार गुना तक बढ़ गई है।




### इन इलाकों में सप्लाई

आम तौर पर पानी की किल्लत शहर के ग्रामीण इलाकों में ही देखने को मिलती रही है, लेकिन इस बार शहर के भीतरी इलाकों में भी पानी टैंकर से सप्लाई करना पड़ रहा है। ब्राह्मणपारा, दुर्गा चौक, भरकापारा जैसे इलाकों में भी टैंकर दौड़ रहे हैं। इसके अलावा बाबूटोला, नवागांव, लखोली, इंदिरा नगर, मोहड़, पेंड्री जैसे इलाकों में भी तीन से चार टैंकर रोजाना भेजे जा रहे हैं।

### गिनती के टैंकर, कई खराब

निगम के पास दर्जनभर पानी टैंकर है, इनमें तीन तरह के टैंकर शामिल हैं, लेकिन मौजूदा समय में तीन से चार पानी टैंकर खराब पड़े हुए हैं। ऐसे में छह पानी टैंकर के भरोसे ही शहर में पानी की सप्लाई की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### 19 को प्रशिक्षण कार्यशाला

**राजनांदगांव**। छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग रायपुर के निर्देशानुसार सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के प्रभावी क्रियान्वयन में आने वाली समस्या एवं शासन द्वारा जारी पोर्टल के संबंध में 19 मार्च को सुबह 11 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सभी विभागों के प्रथम अपीलीय अधिकारियों व जनसूचना अधिकारियों का जिला स्तर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

कार्यशाला में सभी संबंधित अधिकारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

## पर्व को लेकर पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था

# होली पर ड्रोन से होगी निगरानी शहर में 200 जवान रहेंगे तैनात

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में होली का पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। आपसी भाईचारा और सौहार्द्र के साथ होली का पर्व मनाने के लिए पुलिस ने होली पर्व से पहले ही शहर में निगरानी बदमाशों की धरपकड़ शुरू कर दी थी और अलग-अलग थाना क्षेत्र में दर्जनभर से अधिक निगरानी बदमाशों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते उन्हें पकड़ा है, ताकि शहर में होली के उत्साह का रंग फीका न हो।

होली पर्व पर पुलिस विभाग द्वारा बदमाशों में भय और लोगों में सुरक्षा की भावना जागृत करने फ्लैग मार्च भी निकल जाएगा। पुलिस विभाग द्वारा लगभग 350 से अधिक पुलिस जवानों की ड्यूटी शहर के अलग-अलग क्षेत्र में लगाई गई है।



### रमजान की इबादत और होली का होगा उसाह

होली पर्व के दौरान ही रमजान का शुक्रवार होने के चलते बड़े पैमाने पर मुस्लिम समाज के लोग मस्जिदों में नमाज अदा करने जाते हैं, जिसे देखते हुए पुलिस विभाग द्वारा पहले ही शांति समिति की बैठक आयोजित की जा चुकी है। वहीं सभी से भाईचारा पूर्ण होली का पर्व और रमजान की इबादत करने की अपील की गई है।

### 52 से अधिक पेट्रोलिंग

होली पर्व के दिन शहर सहित आउटर क्षेत्र में भी पुलिस का कड़ा पहरा रहेगा। वहीं 52 से अधिक अलग-अलग पेट्रोलिंग पार्टियां दिनभर शहर में गश्त करेगी। वहीं बाज स्कॉट की 11 टीम, 30 फिक्स पॉइंट और गोताखोर तैनात रहेंगे। वहीं रिजर्व पार्टी भी तैयार रहेगी।

### हुडदंगियों की खैर नहीं

होली पर हुडदंग करने वालों की खैर नहीं होगी। पुलिस विभाग द्वारा हुड़दंगियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। इसके लिए आधुनिक तकनीक का ड्रोन कैमरा उड़ाया जाएगा। इस ड्रोन कैमरे से विशेष निगरानी होगी। वहीं ट्रिपल सवारी मोटर साइकिल चलने वाले, तेज हार्न बजाने, मुखौटा पहनकर अभद्रता करने वालों पर पुलिस की पैनी निगाह होगी।

# पोस्ट आफिस में नौकरी लगाने ठगी, 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पोस्ट आफिस में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने के मामले की जांच करते पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी चंद्रकांत पटेल निवासी अमलीडीह डोंगरगांव ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी प्रफुल्ल जैन, विजय साहू एवं पंकज कुशवाहा द्वारा मिलकर इसके लड़के संदीप पटेल की सरकारी नौकरी पोस्ट आफिस में लगवाने के नाम पर अलग-अलग तिथि 25 फरवरी 23 से 8 जनवरी 24 तक कुल 4,00000 रुपए नगदी लेकर पोस्ट आफिस में नियुक्ति का फर्जी आईडी कार्ड देकर धोखाधडी करना बताया। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा-420, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया है।

⏩ शेष पेज 14 पर



### पासबुक व मोबाइल फोन बरामद

पुलिस के अनुसार आरोपियों को थाना लाकर पूछताछ करने पर प्रार्थी के साथ पोस्ट ऑफिस में नौकरी लगाने के नाम पर 400000 रुपए लेकर फर्जी नियुक्ति पत्र एवं आईडी कार्ड देकर धोखाधड़ी करना स्वीकार किए। आरोपी प्रफुल्ल जैन से पंजाब नेशनल बैंक एवं भारतीय स्टेट बैंक का पासबुक, एक नग ओप्पो कंपनी का मोबाइल, चार नग रजिस्टर्ड लिफाफा खुला हुआ। जिसमें तीन लिफाफा में रजिस्टर्ड डाक का स्टीकर और एक में स्पीड पोस्ट का स्टीकर लगा, लोमेश देवांगन के कब्जे से एक नग मोबाइल और आईडीबीआई बैंक का पासबुक व विजय साहू के कब्जे से एक नग मोबाईल, बैंक ऑफ बडौदा एवं बैक ऑफ इंडिया का पासबुक पेश करने पर जब्त किया गया।

### घेराबंदी कर पकड़ा

पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक राजनांदगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक रामेन्द्र सिंह के नेतृत्व में आरोपियों की पतासाजी हेतु थाना कोतवाली से तत्काल टीम गठित कर आरोपियों के पते पर रवाना किया गया। आरोपी प्रफुल्ल जैन 52 साल निवासी रामाधीन मार्ग, लोमश देवांगन 43 साकिन शंकरपुर व विजय साहू 32 साल निवासी अपोलो कॉलेज के पीछे शिवा कालोनी पुलिस चौकी अंजोरा थाना पुलगांव एवं मयंक शुक्ला 30 साल निवासी बांधे कालोनी पोस्ट बांधे तहसील पखांजूर जिला कांकेर छग हॉल ग्रीन वैली ए-5 फर्स्ट फलोर रूम नंबर 2 जुनवानी थाना स्मृति नगर भिलाई को मुखबीर की सूचना पर घेराबंदी कर पकड़ा गया।

## शांति भंग होने का अंदेशा, तीन पर कार्रवाई

**राजनांदगांव**। होली पर्व के मद्देनजर पुलिस ने कार्रवाई अभियान तेज कर दिया है। जिसके तहत शांति भंग होने का अंदेशा पर तीन आरोपियों पर कार्रवाई की गई। वहीं 3 स्थाई वारंटियों को पकड़कर न्यायालय में पेश किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा द्वारा क्षेत्र में अपराध के रोकथाम हेतु अवैध गतिविधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रख रही है। इसी अभियान के तहत शहर में शांति भंग करने एवं संज्ञेय अपराध की घटना घटित होने के अंदेशा पर 3 आदतन बादमश के विरूद्ध धारा- 170, 125, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी उमेश पांडे 23 साल, सुमित घरडे 27 साल, प्रिंस निषाद 24 साल एवं स्थाई वारंटी राहुल धुर्वे 20 साल, श्रवण कुशववाल 49 साल एवं कैलाश ग्वाला 32 साल के खिलाफ कार्रवाई की गई।



# सेंटर सुपरवाइजर को हटाने से स्वच्छता दीदियों में नाराजगी

**राजनांदगांव**। शहर के गोकुल नगर एसएलआरएम सेंटर की स्वच्छता दीदीयों ने सेंटर की सुपरवाईजर देवकी साहू को काम पर लिए जाने की मांग रखी है। इसके लिए उन्होंने महापौर, कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है।

कचरा संग्रहण केन्द्र गोकुल नगर की स्वच्छता दीदी और स्वच्छता मित्रों ने कहा कि इस सेंटर में सुपरवाईजर श्रीमती देवकी साहू 7 वर्षों से कार्यरत थी। उन्हें बीते 8 मार्च काम से हटा दिया गया है, जिन्हें काम पर वापस लिया जाए। उन्होंने अपने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि हमारे सेंटर की सुपरवाईजर को यहां काम से हटाकर उनकी जगह पर प्रेमा सोनकर को लिया जा रहा है, जिनके खिलाफ पहले ही स्वच्छता दीदीयों की फर्जी हाजिरी सहित अन्य शिकायत है। स्वच्छता दीदीयों ने कहा कि उन्हें हमारे सेंटर में नहीं भेजा जाए और सुपरवाईजर देवकी साहू को यहां यथावत रखा जाए। ऐसा नहीं करने पर स्वच्छता दीदीयों ने आंदोलन किए जाने की चेतावनी भी दी है।



## बाजार में उमड़ी भीड़, रंग-गुलाल की जमकर खरीदी

# चढ़ने लगी होली की उमंग, विद्यार्थियों ने एक-दूसरे पर जमकर लगाया रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में तीन दिन पहले ही होली का उत्साह नजर आने लगा है। फैक्ट्रियों से लेकर स्कूल, कॉलेजों में रंग-गुलाल खेलने का दौर शुरू हो गया है। वहीं शहर के कई जगहों पर होलिका दहन की तैयारी की गई है।

बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक होली का पांच दिवसीय पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। होली पर अपनत्व, भाईचारे का प्रतिकात्मक रंग एक-दूसरे को लगाने लोग उत्साहित नजर आ रहे हैं।

### रात 11 के बाद मुहूर्त

पंचांग के अनुसार फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि को होलिका दहन किया जाता है। इस वर्ष होलिका दहन पर भद्रा का साया होने के चलते होलिका दहन का शुभ मुहूर्त रात 11.32 बजे से होगा। वहीं दूसरे दिन 14 मार्च को रंगोत्सव मनाया जाएगा।



### होली का उत्साह

होली से तीन दिन पूर्व ही होली का उत्साह जगह-जगह दिखाई दे रहा है। आज शहर के अधिकांश स्कूल, कॉलेज, ट्यूशन इंस्टीट्यूट और विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों ने एक-दूसरे पर रंग डालकर जमकर होली खेली और उत्साह मनाया। शहर के मां शीतला मंदिर परिसर के समीप स्थित गार्डन में भी दिग्विजय कॉलेज के दर्जनों विद्यार्थियों ने होली पर अवकाश से पहले ही जमकर होली खेली और एक-दूसरे को होली पर्व की शुभकामनाएं दी।

### जगह-जगह होलिका दहन की तैयारी

होली पर्व को लेकर विभिन्न संगठनों और युवाओं की टोलियों द्वारा शहर के अलग-अलग क्षेत्र में होलिका दहन का आयोजन किया गया है। शहर के गुरुद्वारा चौक, जमातपारा, गांधी चौक, तिरंगा चौक, बांसपाईपारा, भरकापारा सहित दर्जनभर क्षेत्रों में होलिका दहन की तैयारी की गई है।

### नगाड़ों की अधिक बिक्री

शहर में होली पर्व को लेकर रंग-गुलाल, पिचकारी के अलावा नगाड़ो की दुकानें सजी हुई है। डोंगरगढ़ के बेलगांव से नगाड़ा बेचने पहुंचे कुलेश्वर ने बताया कि उनके पास 100 रुपए जोड़ी से लेकर ढाई हजार रुपए जोड़ी तक के नगाड़े उपलब्ध है। वहीं उन्होंने कहा कि बीते वर्ष के मुकाबले इस वर्ष बेहतर व्यवसाय हो रहा है। नगाड़ों की मांग भी बढ़ गई है।



## खबर संक्षेप

### कवर्धा-बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग में लगी दर्जनों स्ट्रीट लाइट बंद, पसरा अंधेरा



**हरिभूमि बरबसपुर।** कवर्धा-बिलासपुर नेशनल हाईवे-30 भोरमदेव शक्कर कारखाना राष्ट्रीय राजमार्ग मे लगी दर्जनों स्ट्रीट लाइट खराब व बंद होने से वाहन चालकों व राहगीरों को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां बताना लालिमी होगा कि भोरमदेव शक्कर कारखाना कवर्धा-बिलासपुर नेशनल हाईवें में लगी स्ट्रीट लाइट जिम्मेदारों की भारी अनदेखी के कारण बंद है। जिससे सड़क दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। बता दें कि शक्कर कारखाना में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारी देर रात तक कार्य करते है वहीं सुबह से देर रात तक छोटे-बड़े वाहनों की आवाजाही लगा रहता है। वहीं जिम्मेदारों व जनप्रतिनिधियों की भारी अनदेखी के कारण डिवाइडर क्षतिग्रस्त साथ ही साथ दर्जनों स्ट्रीट लाइट बंद व खराब हो चुके हैं। जिनके कारण से रात में आवागमन करने वाले राहगीरों तथा अधिकारियों के लिए खतरा बना हुआ है।

### भाजपा के निर्विरोध निर्वाचित पंच कुंवरिया चंद्राकर ने दिया त्यागपत्र



**हरिभूमि कोलेगांव।** हाल ही में जनपद पंचायत पंडरिया के ग्राम पंचायत भरेवापुरन से भाजपा के पंच श्रीमती कुंवरिया चंद्राकर ने निर्विरोध पंच पद पर निर्वाचित हुए। वहीं समर्थक महावीर चंद्राकर की उपस्थिति में ग्राम पंचायत सचिव को त्याग पत्र सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि भाजपा के जिला स्तर में अपनी सेवा एवं पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी के करीबी यशवंत चंद्राकर की धर्मपत्नी विगत कार्यकाल में भाजपा मंडल कुण्डा उपाध्यक्ष पद पर रह चुके हैं। श्रीमती कुंवरिया चंद्राकर ने बताया कि वार्डवासियों के समर्थन से पंच पद को ग्रहण किया उनके कथन अनुसार वैसे भी वे मंडल कुण्डा सदस्य के रूप में पार्टी एवं जनता के बीच कड़ी बनकर अपनी सेवा दे रही है। उन्होंने हाल ही में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन-2025 में बने ग्राम पंचायत भरेवापुरन वार्ड नंबर 7 से पंच पद का त्यागपत्र दिया।

### नप पाण्डातराई में होली पर्व व रमजान को शांतिपूर्ण मनाने बैठक आयोजित



**हरिभूमि पाण्डातराई।** नगर पंचायत पाण्डातराई थाना परिषर में होली पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। आगामी 14 मार्च को रंगों का पर्व होली त्यौहार व रमजान के पवित्र महीने के साथ शुक्रवार को जुमा की नमाज को लेकर शांति व्यवस्था बनाने के लिए पाण्डातराई थाना परिषर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें एसडीओपी व थाना प्रभारी की उपस्थिति में थाना प्रभारी ने हिंदू व मुस्लिम दोनों समाज के लोगों से चर्चा करते हुए होली उत्सव आगामी सभी पर्व त्यौहार शांति सद्भाव व भाईचारें के साथ मनाने को लेकर परिचर्चा की गई। बैठक में होली पर्व और ईद का पर्व दोनों समुदाय के लोग शांति के साथ मनाएं, शराब का सेवन करने वालों व शराब का धंधा करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की बात कही गई, किसी प्रकार की कहीं कोई गलत घटना या अपराध ना हो इसकी उचित व्यवस्था की गई जाएगी। परिचर्चा बैठक में यह निर्णय लिया गया कि मुख्य चौक-चौराहो और संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात रहेगा। एसडीओपी ने कहां की हुडदंगियों पर नजर रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अगर आप लोगों को कोई अपराधी या संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देता है तो तत्काल पुलिस को सूचित करने अपील की गई।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

**बैठक:** कलेक्टर ने भोरमदेव महोत्सव की तैयारियों के संबंध में ली बैठक

# छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति व बॉलीवुड की सुमधुर संगीत की महफिल से सजेगा मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

दो दिवसीय 26 व 27 मार्च को आयोजित भोरमदेव महोत्सव को लेकर कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बुधवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में भोरमदेव महोत्सव के आयोजन और व्यवस्था को लेकर बैठक ली। उन्होने जनप्रतिनिधियों, पुलिस और संबंधित अधिकारियों के साथ महोत्सव के रूप-रेखा, कार्यक्रम, आयोजन तथा सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। महोत्सव के परिस्थितियों के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए और सभी संबंधित विभागों को समय पर तैयारी करने का निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने विशेष रूप से सुरक्षा व्यवस्थाओं पर जोर दिया और कहा कि इस महोत्सव में आने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने जल, विद्युत और अन्य आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता के लिए संबंधित विभागों को पूरी तैयारी के साथ काम करने की बात कही।

कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिया कि आयोजन स्थल पर साफ-सफाई और सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि दर्शकों और भक्तों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने भोरमदेव महोत्सव के आयोजन से जुड़ी आवश्यक बातें और सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि धर्मनगरी कवर्धा में विराजित बाबा भोरमदेव छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक, पुरातात्विक और जन आस्था का केन्द्र हैं। हमें इस आयोजन को और भी भव्यता के साथ करना है ताकि अधिक से अधिक लोग इस महोत्सव में सम्मिलित हो सकें। श्री चंद्रवंशी ने इस महोत्सव के प्रचार प्रसार पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि कवर्धा के साथ-साथ पड़ोसी जिलों में भी भोरमदेव महोत्सव का अधिक से अधिक प्रचार किया जाए ताकि इस महोत्सव की आभा पूरे प्रदेश में फैले और इसका महत्व अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे।

**महोत्सव के आयोजन की तैयारियां समय पर और प्रभावी तरीके से पूरी की जाएं: कलेक्टर**



कलेक्टर ने सभी विभागों को जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि महोत्सव के आयोजन की तैयारियां समय पर और प्रभावी तरीके से पूरी की जाएं ताकि यह महोत्सव पूरी धूमधाम के साथ सफलतापूर्वक आयोजित हो सके। उन्होंने बताया कि इस दो दिवसीय महोत्सव में छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति, रीति-रिवाजों के साथ बॉलीवुड की सुमधुर गीत-संगीत की महफिल से महोत्सव का मंच गुंजेंगा। उल्लेखनीय है कि भोरमदेव महोत्सव छत्तीसगढ़ राज्य के प्रमुख धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों में से एक है जो प्रतिवर्ष कवर्धा में आयोजित किया जाता है। इस महोत्सव के दौरान लाखों श्रद्धालु बाबा भोरमदेव के दर्शन के लिए पहुंचते हैं और यह आयोजन प्रदेशभर में एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और धार्मिक घटना के रूप में मनाया जाता है।

# जिसके ऊपर भ्रष्टाचार का आरोप उसे कार्य में रखना चाह रहा कारखाना: रवि

## भ्रष्टाचार के विरोध में किसान कांग्रेस ने कारखाना प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पंडरिया शक्कर कारखाना अपने नए-नए कारनामों की वजह से लगातार सुर्खियों में बना रहता हैं अब एक नया मामला सामने आया है जहां भ्रष्टाचार में व्याप्त दोषी व्यक्ति को लाखों रुपए की मासिक वेतन पर रखने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है जिसके विरोध में जिला किसान कांग्रेस द्वारा कारखाना प्रबंधन के सामने ज्ञापन देकर विरोध दर्ज कराया।

जिला किसान कांग्रेस की प्रभारी किसान नेता रवि चन्द्रवंशी ने बताया कि विगत वर्ष 2018-19 में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित पंडरिया में चीफ केमिस्ट के पद पर कार्यरत प्रदीप त्यागी जिसके ऊपर भ्रष्टाचार का आरोप लगा था और प्रशासन द्वारा जांच पर उन्हें दोषी करार देते हुए कारखाना से उसी वर्ष उसको कार्यमुक्त (सेवा समाप्त) कर दिया गया था। किंतु अभी वह राजनीतिक दबाव एवं मोटी रकम देकर पुनः कारखाना में कार्य प्रवेश के लिए लगा हुआ है।

श्री चन्द्रवंशी ने कहा कि ऐसे व्यक्ति जिन्होंने कारखाना में लाखों करोड़ो का भ्रष्टाचार किया, उसे पुनः कारखाना में कार्य पर रखना, मतलब भ्रष्टाचार को फिर से बढ़ावा देना जो कारखाना के किसानों एवं कर्मचारियों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण होगा। यदि उक्त भ्रष्ट कर्मचारी प्रदीप त्यागी को पुनः कारखाना में कार्य पर रखा जाता है तो किसान हित व कारखाना हित में क्षेत्र के समस्त गन्ना किसानों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

पंडरिया ब्लॉक अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि भाजपा सरकार आते ही भ्रष्टाचारियों को भ्रष्टाचार करने की खुली छूट मिल जाती है, जिस प्रकार से सुनाई पड़ रहा है कि पंडरिया विधायक के इशारे पर भ्रष्टाचार में संलिप्त दोषी व्यक्ति को काम पर रखा जा रहा है, उससे अनुमान लगाया जा सकता है भाजपा किसानों के साथ नहीं बल्कि भ्रष्टाचारियों के साथ है। इस दौरान नवीन जायसवाल, रवि चंद्रवंशी, त्रिलोक निर्मलकर, रुपेश चन्द्रवंशी, कोमल साहू, थलेश देवांगन, राहुल चन्द्रवंशी व कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

# कृषि केन्द्र दुकानदार ऊंचे दाम पर बेच रहे यूरिया-डीएपी और पोटाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी मात्रा में खरपतवार व कीटनाशक दवाइयां किसानों से अनाप-शनाप दाम वसूले जा रहे हैं। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार दुकानदार ज्यादा मुनाफे के लालच में यह सब कार्य कर रहे हैं और किसानों को भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। अमानक दवाओं का व्यापार खासकर कोलेगांव क्षेत्र अन्य दुकानों पर चल रहा है। क्षेत्र के खाद दुकानों में यूरिया, डीएपी व पोटाश तथा राखड़ खाद मनमाने दामों पर बेचा जा रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि क्षेत्र के ग्रामीण किसान अधिक मात्रा में गन्ना फसल की खेती-किसानी कार्य करते है वहीं गन्ना किसानों को खाद की अधिक आवश्यकता होता है, जिससे किसानों को सही दाम पर कृषि दुकान पर खाद नहीं मिल रहा है। वहीं कृषि खाद दुकान से यूरिया, पोटाश, राखड़ अधिक दामों में खरीदने मजबूर है। जिस पर ग्रामीण किसानों ने शासन प्रशासन से मांग कर जल्द से जल्द सेवा सरकारी समिति खाद गोदाम में खाद उपलब्ध कराने की मांग की गई ताकि किसानों को सही दामो में खाद मिल सके।

## जिले में रंगो का पर्व होली, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण मनाने शांति समिति बैठक आयोजित

कवर्धा। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पुलिस अनुभागीय अधिकारी बोड़ला अखिलेश कौशिक, नायब तहसीलदार बोड़ला सुश्री रितु श्रीवास एवं चौकी प्रभारी पोंड़ी उप निरीक्षक विमल लावनिया की उपस्थिति में आगामी होली पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के संबंध में शांति समिति बैठक आयोजित की गई। बैठक में चौकी पोंड़ी अंतर्गत विभिन्न ग्रामों के नव-निर्वाचित सरपंच, गणमान्य नागरिक एवं प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में उपस्थित जनसमुदाय से अपील किया गया कि होली एवं ईद पर्व को पारंपरिक रूप से आपसी सामंजस्य, भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाए। जिसमे विभिन्न विषयों में परिचर्चा की गई। होली पर्व के दौरान रंग-गुलाल का प्रयोग मर्यादित एवं पारंपरिक रूप से किया जाए, नशे से दूर रहते हुए त्यौहार को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गई, किसी भी प्रकार के वाद-विवाद अथवा अप्रिय स्थिति से बचने के लिए आपसी समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया गया, यदि किसी भी स्थान पर कोई विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है तो तत्काल पुलिस चौकी को सूचना देने हेतु कोटवार एवं नागरिकों को निर्देशित किया गया। चौकी प्रभारी पोंड़ी उप निरीक्षक विमल लावनिया ने सभी ग्रामवासियों को आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन हर समय शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु तत्पर रहेगा एवं किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखी जाएगी।

## टीपीएल फाइनल मैच प्रतियोगिता में रेंगाखार टीम रही विजयी, उपविजेता कुई

**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय शिक्षकों के मध्य खेले जाने वाले टीपीएल के 6वे संस्करण का फाइनल मैच रविवार को स्वामी करपात्री जी मिनी स्टेडियम कवर्धा में खेला गया। जिसमें रेंगाखार व कुई की टीमें आमने-सामने थी। समापन समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, पूर्व पार्षद उमंग पांडेय, पार्षद राजू पांडेय, जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू, सहायक संचालक एवं खंड शिक्षा अधिकारी पंडरिया महेंद्र गुप्ता, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी संजय जायसवाल, संतोष भास्कर उपस्थित थें। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। फाइनल मुकाबले मे रेंगाखार कि टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। जिसमें खिलाड़ी पवन वर्मा के 9 छक्कों के साथ शानदार 76 रन और राम नेताम के 30 रनों की सहायता से रेंगाखार ने 12 ओवर में 141 रनों के शानदार खेल प्रदर्शन किया। वहीं कुई की टीम 141 रनों का लक्ष्य का पिछा करते हुए उतरी जहां रेगांखार के गेंदबाजों की अच्छी गेंदबाजी से रेंगाखार टीम ने फाइनल मैच में विजयी रहे। कार्यक्रम के समापन समारोह में अतिथियो ने शिक्षकों के प्रयास और खेल भावना को सराहा किया। टीपीएल को लगातार स्नेह और सहयोग प्रदान करते आ रहे चंद्रायन हॉस्पिटल के संचालक विनोद चंद्रवंशी, सहयोगी राघव साहू एवं दीपक स्पोर्टस संचालक दीपक चंद्रवंशी ने आगे भी ऐसे प्रयासों को बनाये रखने हेतु सहचर की भूमिका में रहने का आश्वासन दिया, अतिथियों में शिक्षक वीरेंद्र चंद्रवंशी, रामशरण चंद्रवंशी उपस्थित थें। उक्त कार्यक्रम में टीपीएल के सभी मैचों के मैन ऑफ दी मैच खिलाड़ियों को शील्ड प्रदान की गई, मैन ऑफ दी सीरीज पवन वर्मा ने, बॉलर ऑफ दी सीरीज गुणेंद्र सोनी, कुई के प्रतिभावान खिलाड़ी चेचाम को बेस्ट फील्डर के खिताब से सराहा गया। अतिथियों ने विजेता रेंगाखार व उपविजेता कुई की टीम को ट्रॉफी, मेडल व नगद पुरस्कार क्रमशः 33 हजार और 25 हजार रुपए की धनराशि भेंट की।

**विधायक ने कहा : स्कूल एवं शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश में कितने नए स्कूल स्वीकृत हुए**

# विधायक भावना ने पत्रकारों की सुरक्षा, नए स्कूलों की स्वीकृति एवं मछली पालन के लिए अनुदान संबंध में विधानसभा में उठाया प्रश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने बुधवार को विधानसभा में प्रदेश के पत्रकारों की सुरक्षा का संवेदनशील विषय सदन के समक्ष रखा और बस्तर संभाग के बीजापुर के दिवंगत पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या के बाद प्रदेश में पत्रकारों की सुरक्षा के संबंध में प्रश्न किया। इसके साथ ही उन्होंने नए स्कूल की स्थापना और शिक्षा से जुड़े प्रमुख विषयों एवं मछली पालन हेतु किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए संचालित योजनाओं व उनके क्रियान्वयन के संबंध में प्रश्न किया। भावना बोहरा ने प्रश्न पूछा कि बस्तर संभाग (बीजापुर) के दिवंगत पत्रकार मुकेश चंद्राकर की निर्मम हत्या के बाद प्रदेश के पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर शासन की क्या नीति है? किसी भी दुर्घटना से यदि प्रदेश के जनसंपर्क विभाग के पंजीकृत पत्रकार हताहत होते हैं, तब शासन की ओर से मुआवजे-ईलाज आदि का क्या प्रावधान है? जिसके लिखित में उत्तर दते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बताया कि छत्तीसगढ़ मीडिया कर्मी सुरक्षा अधिनियम-2023 कानून प्रक्रियाधीन हैं। जनसंपर्क विभाग में पत्रकारों को पंजीकृत नहीं किया जाता है। छत्तीसगढ़ संचार प्रतिनिधि कल्याण सहायता नियम-2019 के तहत पत्रकार एवं उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को गंभीर बीमारियों के ईलाज के लिए एक वर्ष में न्यूनतम रूपए 10 हजार और अधिकतम रूपए 2 लाख तक की आर्थिक सहायता दी जाती हैं। यदि पत्रकार की असामायिक मृत्यु हो जाती है तो उसके आश्रित परिवार को 5 लाख रुपए तक की राशि दिए जाने का प्रावधान हैं। उन्होने स्कूल एवं शिक्षा से सम्बंधित प्रश्न करते हुए पूछा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रदेश में कितने नए स्कूल स्वीकृत हुए हैं? स्कूल शिक्षा में छत्तीसगढ़ आज देश में किस स्थान पर है? प्रदेश में विद्यार्थियों का स्कूल ड्रॉपआउट रेट क्या है? जिसके लिखित प्रतिउत्तर में मुख्यमंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रदेश में 16 नवीन प्राथमिक शाला स्वीकृत हुई है। नीति आयोग की रैंकिग अनुसार स्कूल शिक्षा में छत्तीसगढ़ राज्य राष्ट्रीय मूल्यांकन रेंज 521-580 के मध्य आंकाक्षी एक श्रेणी में है। वर्ष 2023-24 के यूडाईस डाटा के अनुसार प्रदेश में ड्रॉप आउट दर प्राथमिक स्तर में 1.8 प्रतिशत, उच्च प्राथमिक स्तर में 5.3 प्रतिशत तथा हाईस्कूल स्तर में 16.3 प्रतिशत है।

### मछली पालन हेतु शासन-प्रशासन द्वारा कौन-कौन सी योजनाएं संचालित हैं?: विधायक

विधायक ने मछली पालन करने वाले किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए संचालित योजनाओं के बारे में प्रश्न करते हुए विधायक भावना बोहरा ने पूछा कि मछली पालन हेतु शासन द्वारा कौन-कौन सी योजनाएं संचालित हैं? हितग्राहियों को दी जाने वाली छूट-अनुदान राशि एवं जिले में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के कितने किसानों को मछली पालन हेतु 1 जनवरी, 2024 से 1 फरवरी, 2025 तक कितनी अनुदान राशि दी गई है? जिसके लिखित प्रतिउत्तर में मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा शिक्षण प्रशिक्षण हेतु विभागीय 10 दिवसीय प्रशिक्षण के तहत 1250 रुपए प्रति हितग्राही, विभागीय 3 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु 1000 रुपए प्रति हितग्राही, प्रदेश के बाहर अध्ययन भ्रमण हेतु 2500 रुपए प्रति हितग्राही और पंजीकृत मछुआ सहकारी समितियों को त्रिवर्षीय अनुदान सहायता के तहत 3 लाख रूप प्रति समिति अनुदान दिया जाता है। उसी तरह मत्स्य पालन प्रसार हेतु मत्स्यबीज संवर्धन योजना के तहत प्रति हितग्राही 40 हजार रुपए, फुटकर मछली विक्रय योजना के तहत प्रति हितग्राही 6 हजार रुपए, मत्स्याखेट उपकरण सहायता व प्रति हितग्राही 10 हजार रुपए, 05 वर्षीय अंगुलिका संचयन के तहत प्रति हितग्राही 4 हजार रुपए, झींगा सह-मछली पालन हेतु 15 हजार प्रति हितग्राही का प्रावधान है और प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत कुल 9 योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, जिससे मछली पालन करने वाले हितग्राहियों को समय-समय पर लाभ मिल रहा है। जिले में अनुसूचित जाति के 96 किसानों एवं अनुसूचित जनजाति के 253 किसानों को कुल राशि रूपये 186.19667 लाख का अनुदान दी गई है।


**पर्व:** कवर्धा शहर सहित अंचल में नजर आ रही होली पर्व की रौनक

# होलिका दहन आज, तैयारियां अंतिम दौर में, लोगों में दिख रहा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नगर में उल्लासपूर्ण वातावरण में युवाओं एवं बच्चों द्वारा होलिका दहन की अंतिम तैयारियां की जा रही है। युवाओं एवं बच्चों की टोलियां होलिका दहन के एक दिन पूर्व होलिका दहन की अंतिम तैयारियों में जुटे नजर आए।

उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर के ठाकुर पारा, देवांगन पारा, गुप्ता पारा, मठपारा, राजमहल पारा, राजमहल कालोनी, आदर्श नगर, गंगा नगर, कैलाश नगर, अयोध्याधाम कॉलोनी सहित कई स्थानों में होलिका दहन का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा नगर के विभिन्न चौक-चौराहों में भी होलिका स्थापित की गई है। जिसे आकर्षक तोरन पताका से सजाया जा रहा है। जहां छोटी समितियों द्वारा घूम-घूमकर होलिका दहन के लिए लकड़ी, कंडा की व्यवस्था कर रही है। वहीं बड़ी समितियों द्वारा सीधे टाल से लकड़ी खरीद कर इंतजाम किया जा रहा है। होलिहा दहन का आयोजन करने वाली उत्साही समीतियों तथा बच्चों व युवाओं ने बताया कि होलिका दहन 13 मार्च को शुभ मुहुर्त में किया जायेगा। कई स्थानों पर होलिका दहन के दिन फाग गीत का भी आयोजन किया गया है।



### नगर के बाजार में बढ़ी रौनक

होली के त्यौहार को देखते हुए बाजार में भी काफी रौनक दिखाई दे रही है। आस-पड़ोस के ग्रामीण अंचलों से लोगों की भारी भीड़ होली की खरीददारी करने जिला मुख्यालय के बाजार में उमड़ रही है। नगर में होली का बाजार भी सजकर तैयार हो चुका है और रंग, गुलाल, पिचकारी सहित होली उपयोगी दूसरी सामग्रियों की दर्जनो दुकाने लगाई गई है। इसके अलावा नगर के बाजार में होली के लिए नगाड़े भी खूब बिक रहे हैं। कुल मिलाकर नगर के बाजार में होली का उल्लास साफ नजर आ रहा है।



### सुरक्षा की चाक चौबंध व्यवस्था

इस बार होली और जुमा को देखते हुए नगर सहित जिलेभर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। कवर्धा नगर की बात की जाए तो प्रमुख चौक चौराहों तथा संवेदनशील ईलाकों में सुरक्षा बल तैनात किए जाने की तैयारी है। इसके अलावा कई पेट्रोलिंग पार्टी भी बनाई गई है जो शहर के सभी ईलाकों तथा मुख्य मार्गो में गस्त करेंगी। पुलिस प्रशासन द्वारा मोटर सायकल पर तीन सवारियों, हुड़दंगियों, असामाजिक तत्वों तथा शराबियों पर खास नजर रखे जाने की बात कहीं है।

# ग्राम दानीघठोली से उलट बगदई मार्ग खस्ताहाल व जर्जर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

विकासखण्ड सहसपुर लोहारा क्षेत्रांतर्गत ग्राम दानीघठोली से उलट बगदई तक बेहद जर्जर और खस्ताहाल हो चुके मार्ग की मरम्मत कराए जाने की मांग क्षेत्र के ग्रामीणों ने की है। इस संबंध में क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि मुख्य मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत वर्ष 2016-17 में निर्मित कराए गए इस बहुउपयोगी सड़क मार्ग के निर्माण कार्य के दौरान बरती गई अनियमितता और समय रहते मरम्मत तथा रखरखाव के आभाव में अब यह मार्ग पूरी तरह से जर्जर व खस्ताहाल हो चुका है। स्थिति ये है कि मार्ग में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे निर्मित हो चुके है। जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग का उपयोग कई गांव के ग्रामीण, किसान स्कूली विद्यार्थी आने जाने के लिए करते हैं। लेकिन मार्ग की हालत बेहद खस्ता होने के कारण लोगों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होने बताया कि करीब 4 किलो मीटर के इस मार्ग के मरम्मत की मांग वे बकायदा क्षेत्रीय विधायक के जनसमस्या निवारण शिविर में लिखित आवेदन सौंप कर चुके हैं लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। ग्रामीणों ने पुनः सड़क मरम्मत कराए जाने की गुहार शासन-प्रशासन तथा क्षेत्रीय विधायक से लगाई है।

## खबर संक्षेप

### जिला भाजपा का होली मिलन समारोह 14 को



**कवर्धा।** रंगों के पर्व होली के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी द्वारा आगामी 14 मार्च, शुक्रवार को गांधी मैदान कवर्धा में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में डॉ. रमन सिंह पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष, विजय शर्मा उपमुख्यमंत्री, संतोष पाण्डेय सांसद, अभिषेक सिंह पूर्व सांसद, भावना बोहरा विधायक, विशेषर पटेल अध्यक्ष गौ सेवा आयोग, अशोक साहू निवर्तमान जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक, डॉ. सियाराम साहू पूर्व विधायक, मोतीराम चंद्रवंशी पूर्व विधायक, रामकुमार भट्ट प्रदेश संयोजक पंचायत प्रकोष्ठ, अनिल कुमार सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, ईश्वरी साहू जिला पंचायत अध्यक्ष कबीरधाम और चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी नगर पालिका अध्यक्ष कवर्धा सहित अन्य प्रमुख नेता शामिल होंगे। भारतीय जनता पार्टी ने सभी कार्यकर्ताओं और जिलेवासियों से सपरिवार उपस्थित रहने का आग्रह किया है। इस भव्य होली मिलन समारोह की जिला भाजपा द्वारा जोरदार तैयारी की जा रही है।

### अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन 10 अप्रैल तक

**कवर्धा।** भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए युवाओं को सुनहरा अवसर मिलने जा रहा है। इच्छुक युवा 10 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन सेना की वेबसाइट में कर सकते है। अग्निवीर की भर्ती जनरल, तकनीकी, क्लर्क, ट्रेडमेन (8-10वीं), महिला सैन्य पुलिस व रेगुलर कैडर भर्ती धर्म गुरू, नर्सिंग सहयोगी, सिपाही फार्मा के पदों के लिए जारी की गई है।

# ग्राम पंचायत के प्रथम सम्मेलन में गौ माता को ग्राम माता का दर्जा देने का प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला मुख्यालय से 25 किमी दूर लोहारा ब्लॉक के ग्राम पंचायत टाटीकसा में बुधवार को नवनिर्वाचित सरपंच, उपसरपंच और पंचगणों का पंचायत सचिव मेघराज सेन की उपस्थिति में प्रथम सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया, जिसमें गौ माता को ग्राम माता बनाए जाने का समर्थन किया गया। सरपंच संगीता साहू ने सम्मेलन में प्रस्ताव रखा कि गौ माता को ग्राम माता का दर्जा दिया जाए, और यह प्रस्ताव सभी पंचायत सदस्यों द्वारा समर्थन के साथ पारित हुआ। इस अवसर पर सरपंच संगीता साहू ने बताया कि गौ माता को ग्राम माता बनाने का निर्णय इसलिए लिया गया क्योंकि हमारा अस्तित्व गाय से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा गौ माता हमारे लिए सिर्फ एक पशु नहीं, बल्कि हमारे जीवन का अहम हिस्सा हैं। वे हमारे लिए माता समान हैं और उनकी रक्षा व सेवा के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि गायों की सेवा और रक्षा के लिए वर्तमान में स्व सहायता समूह द्वारा गौशाला का संचालन किया जा रहा है, जिसे और बेहतर तरीके से विकसित किया जाएगा। साथ ही, गौवंश के लिए पर्याप्त चारा भंडारण और सुरक्षित निवास की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा, पंचायत द्वारा गौरक्षक समिति का गठन किया जाएगा, ताकि गौ तस्करी पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। इस अवसर पर पंचायत सचिव मेघराज सेन, गुमान सिन्हा (रोजगार सहायक), पंच निरा साहू, पंच गोदावरी साहू, पंच रूपा, पंच सावित्री, पंच डेरहा धुर्वे, पंच मोहित रजक, पंच बंशी रजक, और ग्राम कोटवार दशरथ गंधर्व प्रमुख रूप से उपस्थित थे।




### जंगल में हफ्तेभर से दहक रही आग...



**कवर्धा।** जिले के विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्र में पंडरिया-बजाग मार्ग स्थित चीतहरिन पास जंगल में विगत करीब हप्ते से आग सुलग रही है लेकिन क्षेत्र के लोगों का कहना है कि वन विभाग द्वारा इस आग को बुझाने के कोई प्रयास नहीं किए जा रहे है। जिससे जंगलों को भारी नुकसान हो रहा है और जंगल में लगी आग लगातार अपना दायरा बढ़ा रही है।

### महराजपुर में विदाई समारोह आयोजित



**कवर्धा।** प्रधान पाठक गोकुल जायसवाल के मार्गदर्शन में 10 मार्च 2025 दिन सोमवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय महराजपुर में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत महराजपुर के नव निर्वाचित सरपंच संतु सिंह धुर्वे उप सरपंच सनत जायसवाल शाला प्रबंध समिति पूर्व माध्यमिकशाला नेतराम पटेल प्राथमिक शाला रामू जायसवाल समिति के पूर्व अध्यक्ष गुलाब राम जायसवाल पंचगण विष्णु जांगडे, दीपक चौबे अंकित शर्मा, वहिद शाह, विनोद छेदावी, कुबेर मरकाम, देवनाथ पटेल, गोपाल निषाद, कीर्ति राडेकर उपस्थित थे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथियो ने मां सरस्वती के छायाचित्र में माल्यार्पण कर पूजा वंदन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात अतिथियों का पुष्पाहार से स्वागत किया गया। सभी अतिथियों ने अपने उद्बोधन में सभी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई एवम शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कक्षा छठवीं एवम सातवी के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए और अपने सहपाठी कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों को गिफ्ट देकर विदाई दी। कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों में राज खूंटे, राजा अहिरे, मेघराज पटेल,कस्तूरी खूंटे, दुर्गेश्वरी जायसवाल,निखत शाह ने विद्यालय में तीन साल तक पढ़ाई करने का अनुभव का शेयर किए। कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों ने विद्यालय के लिए प्रधान पाठक को भगवान रामलला का फोटो भेंट किए। अंत

# खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने मिठाई दुकानों का किया निरीक्षण

## विभाग ने कई दुकानों से एकत्र किए गए खाद्य सामग्री के नमूने

- एसडीएम कवर्धा के नेतृत्व नगर सहित अंचल की दुकानों में किया गया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार एवं एसडीएम कवर्धा के मार्गदर्शन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला कबीरधाम द्वारा होली पर्व के दौरान जिले में अवमानक मिठाई और खाद्य पदार्थों की बिक्री की संभावना को देखते हुए जितेन्द्र कुमार नेले, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं मुकेश कुमार साहू द्वारा कवर्धा, पांडातराई, पंडरिया, बोड़ला, सहसपुर लोहरा एवं कुंडा के मिठाई दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान, कवर्धा शहर के न्यू कल्पना रेस्टोरेंट का खोवा, श्रीधर जोधपुरी स्वीट्स से चमचम, बीकानेर स्वीट्स से मिक्चर, मधुरम स्वीट्स से मलाई कतली, होटल कल्पतरु से मिल्क केक, गुप्ता मिष्ठान भंडार पंडरिया से रसगुल्ला, शिव होटल पंडरिया से कलाकंद, मिश्रा स्वीट्स पंडरिया से पेड़ा, और श्रीजी राजस्थान स्वीट्स से मलाई रोल का नमूना लिया गया। इन नमूनों को खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। निरीक्षण के दौरान मिठाई दुकान संचालकों को साफ-सफाई बनाए रखने, हैण्ड ग्लव्स और कैप पहनने, मिठाई के निर्माण और उसकी अवसान तिथि अंकित करने, और त्यौहारी सीजन में सिर्फ शुद्ध मिठाई का विक्रय करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने आम जन और खाद्य कारोबारकर्ताओं से अपील की है कि वे खाने-पीने की चीजों के लिए अखबारी कागज/पेपर का उपयोग न करें। अखबार में उपयोग की जाने वाली स्याही में हानिकारक रसायन और रंगकर्मी होते हैं, जो तेल के साथ मिलकर खाने के जरिए शरीर में प्रवेश करते हैं। इससे पाचन संबंधी विकार, टॉक्सिसिटी, कैंसर, महत्वपूर्ण अंगों की विफलता, और प्रतिरक्षा तंत्र के कमजोर होने जैसी गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। खाद्य विभाग ने खाद्य व्यापारियों को मानक स्तर की खाद्य सामग्री विक्रय करने, साफ-सफाई बनाए रखने, और बिना अनुज्ञप्ति/पंजीयन के व्यापार न करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान बिसौहा राम धुर्वे, सहायक ग्रेड भी उपस्थित थे।




**नवनिर्वाचित जनपद सदस्य दुर्गा सिंह व उपाध्यक्ष अशोक पटेल ने पदभार ग्रहण किया**

# जनपद पंचायत स.लोहारा में हुआ जन प्रतिनिधियों का प्रथम सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स.लोहारा

जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा में नव निर्वाचित जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्यों का प्रथम सम्मेलन बुधवार को आयोजित किया गया।

इस अवसर पर पूर्ण बहुमत से चुने गए स. लोहारा जनपद पंचायत की नव निर्वाचित जनपद अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा सिंह, जनपद उपाध्यक्ष अशोक पटेल एवं जनपद सदस्यों में क्षेत्र क्रमांक 1 से सरस्वती साहू, क्षेत्र क्रमांक 2 से गणेश नेताम, क्षेत्र क्रमांक 3 से शंभू पटेल, क्षेत्र क्रमांक 4 से अशोक पटेल, क्षेत्र क्रमांक 5 से सरस्वती साहू, क्षेत्र क्रमांक 6 से योगेश साहू, क्षेत्र क्रमांक 7 से फुलेश्वरी बाई साहू क्षेत्र क्रमांक 8 से आशा नेताम, क्षेत्र क्रमांक 9 से लीला वर्मा, क्षेत्र क्रमांक 10 से प्रमिला झरिया, क्षेत्र क्रमांक 11 से रूबी वैष्णव, क्षेत्र क्रमांक 12 से लक्ष्मी साहू, क्षेत्र क्रमांक 13 से शेष नारायण बैस, क्षेत्र क्रमांक 14 से जीवन नेताम, क्षेत्र क्रमांक 15 से दिनेश विश्वकर्मा, क्षेत्र क्रमांक 16 से श्रीमती दुर्गा सिंह, क्षेत्र क्रमांक 17 से सुदर्शन कुंभकार, क्षेत्र क्रमांक 18 से लक्ष्मी कौशिक, क्षेत्र क्रमांक 19 से राजेश कौशिक, क्षेत्र क्रमांक 20 से प्रतिमा साहू, क्षेत्र क्रमांक 21 से रूखमणि साहू, क्षेत्र क्रमांक 22 से राहुल साहू, क्षेत्र क्रमांक 23 से द्रोपती पटेल क्षेत्र क्रमांक 24 से रूखमणि साहू एवं क्षेत्र क्रमांक 25 से जनपद सदस्य कुलदीप सिंह ने उपस्थित होकर पदभार ग्रहण किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष नरेश साहू, बसंत बोहरा, ठाकुर सुदेश सिंह,रामकृष्ण साहू, ईश्वर साहू, श्रीमती पुष्पा दिनेश पांडेय,राजू पारख, युवराज सिंह, धरम पाल कौशिक, दारा सिंह, राघवेंद्र सिंह,सुरेश साहू, अरविंद सिंह, खोमलाल साहू, टीकम साहू, कृष्णा साहू, प्रहलाद साहू,तुलाराम साहू, हेमंत साहू, दिवाकर डड़सेना आदि उपस्थित थे।



# प्रधानमंत्री आवास योजना का निरीक्षण करने हितग्राहियों के पास पहुंचे जिपं सीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्य की प्रगति का निरीक्षण करने जिला पंचायत कबीरधाम के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) अजय कुमार त्रिपाठी जनपद पंचायत पंडरिया के ग्राम पंचायत कुण्डा पहुंचे। उन्होंने निर्माणाधीन आवासों का जायजा लिया और हितग्राहियों से सीधे चर्चा कर निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, आपूर्ति और पंचायत स्तर पर किए जा रहे सहयोग की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान श्री त्रिपाठी ने उपस्थित ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक और आवास मित्र को निर्देशित किया कि पंचायत में स्वीकृत सभी आवासों का निर्माण 30 मार्च तक अनिवार्य रूप से गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। जिन आवासों के निर्माण में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है, उनके लिए कर्मचारियों को व्यक्तिगत रुचि लेकर कार्य को शीघ्र पूरा करने को कहा गया। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि समय सीमा में लक्ष्य पूरा नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। सीईओ श्री त्रिपाठी ने आवास योजना की हितग्राही श्रीमती जलेश्वरी पति सहतेरूह के निवास पर पहुंचकर निर्माण कार्य की स्थिति देखी। उन्होंने हितग्राहियों से समय पर आवास निर्माण की राशि प्राप्त होने की जानकारी ली और निर्माण कार्य की गुणवत्ता का अवलोकन किया। इसके अलावा, ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देशित किया गया कि नए पात्र हितग्राहियों के सर्वे कार्य में तेजी लाई जाए। बताया गया कि आवास प्लस 2024 के तहत छूटे हुए हितग्राहियों का सर्वे ऐप के माध्यम से किया जा रहा है, जिसके लिए जिले के सभी सचिव अधिकृत हैं। साथ ही, हितग्राही स्वयं भी ऐप पर जाकर अपना विवरण दर्ज कर सकते हैं। सीईओ श्री त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सभी लाभार्थियों को समय पर घर उपलब्ध कराना प्राथमिकता है, ताकि वे बारिश से पहले अपने नए आवास में रह सकें।

## सार समाचार

### शिक्षक फेडरेशन ने डीईओ को ज्ञापन सौंपा

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन के पदाधिकारियों ने जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल से मिलकर छात्रहित एवं शिक्षकों के हित को ध्यान में रखते ज्ञापन सौंपा है।



फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष मनीष मिश्रा एवं जिलाध्यक्ष रमेश कुमार साहू की अगुवाई में प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन के माध्यम से कक्षा 5वीं - 8वीं बोर्ड परीक्षा को ध्यान में रखते समस्त विद्यालयों में सुबह स्कूल लगाने, पहली से चौथी, 6 वीं व 7वीं कक्षा की स्थानीय परीक्षा की समय सारिणी शीघ्र जारी करने, 1 अप्रैल 2024 की स्थिति में सहायक शिक्षकों की वरिष्ठता सूची जारी करने, सहायक शिक्षक एलबी से प्रधान पाठक, प्राथमिक शाला में पदोन्नति आदेश जारी करने एवं उच्च परीक्षा में बैठने की अनुमति आदेश जारी करने मांग की है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रांताध्यक्ष मनीष मिश्रा, जिलाध्यक्ष रमेश कुमार साहू, मिलन साहू प्रांतीय पदाधिकारी, प्रांतीय पदाधिकारी मंजू देवांगन, जिला संयोजक ओमप्रकाश साहू, छुरिया ब्लाक अध्यक्ष कीरत गणवीर, डोंगरगांव ब्लाक अध्यक्ष प्यारेलाल साहू, राजनांदगांव ब्लाक अध्यक्ष रोशनलाल साहू, डोंगरगढ़ ब्लाक अध्यक्ष हीरालाल मौर्य, जिला मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफारे, जिला संयोजक ललित प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष भरत साहू, उमाशंकर साहू, राकेश खोबरागड़े, विनोद सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष बंदीश नेमपांडे, जिला प्रवक्ता अमीन कुरैशी, सूरज प्रसाद शर्मा, उमेश देशलहरा, खिलावन ठाकुर, मुकेश देवांगन, ओगेश्वर प्रसाद साहू, पूरन कोठारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इसके अनुसार राजनांदगांव तहसील अंतर्गत आग से जनहानि होने पर 4 लाख रुपए एवं सर्पदंश से जनहानि होने पर 4 लाख रुपए स्वीकृत की गई है।

### जब्त वाहन को किया राजसात

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी संजय अग्रवाल द्वारा छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत वार्ड क्रमांक 4 पथर्रा जांजगीरी दुर्ग निवासी शाहिल भारती के स्वामित्व के जब्तशुदा वाहन टाटा 1552 बी 56 वाहन क्रमांक सीजी 07 सीएम 5351 को शासन के पक्ष में राजसात किया गया है। राजसात किए गए वाहन चालक द्वारा कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम व पशुओं के प्रतिक्रूरता का निवारण अधिनियम का उल्लंघन करते 36 नग मवेशी गाय व बछड़ा वाहन में भरकर बिना चारा-पानी के क्रूरतापूर्वक बूचड़खाना व कत्लखाना की ओर तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते ले जा रहा था। कलेक्टर ने पुनरीक्षण अवधि समाप्त हो जाने और सक्षम न्यायालय से किसी प्रकार का कोई आदेश प्राप्त नहीं होने पर राजसात किए गए वाहन को नियमानुसार आरटीओ से मूल्यांकन कराकर नीलामी की कार्रवाई करते प्राप्त राशि छत्तीसगढ़ शासन के निर्धारित मद में खजाना दाखिल करने की कार्रवाई की जाएगी। सक्षम न्यायालय (सत्र न्यायालय) से आदेश के विरूद्ध कोई आदेश प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई न्यायालय के आदेशाानुसार की जाएगी।

### आयुक्त ने जायजा लेकर संबंधितों को दिए निर्देश

# झिल्ली-पन्नी और डिस्पोजल फेंकने वालों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा वार्डों में साफ-सफाई देख एक ओर सफाई कर्मियों का उत्साह बढ़ा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर वार्डवासियों से चर्चा कर सफाई में सुधार के लिए सलाह ले रहे हैं। उन्होंने शहर के अंतिम वार्ड हल्दी में साफ-सफाई देख लोगों से फीडबैक लिया।



आयुक्त ने हल्दी में साफ-सफाई देख हाजिरी रजिस्टर की जांच कर सुपरवाईजर से कहा कि प्रातः उपस्थिति लेकर उपस्थित कर्मचारी का कार्य की समाप्ति समय मिलान करें कि वह निर्धारित समय तक कार्य कर रहा है कि नहीं और बिना अनुमति अनुपस्थित कर्मचारी के बारे में उच्च अधिकारियों को अवगत कराएं, ताकि कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखकर लोगों से साफ-सफाई के लिए चर्चा करें, उनके द्वारा बताए समस्या का समाधान करें, उन्हें स्वच्छता से जोड़े। उन्होंने सुलभ शौचालय मरम्मत कार्य का जायजा लेकर कार्य में गति लाकर जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।

#### कार्रवाई के निर्देश

बसंतपुर जिला चिकित्सालय पास का नाला को देख आयुक्त ने कहा कि नाला की नियमित रूप से सफाई कार्य जारी रखे। नाला के आसपास डिस्पोजल, दूध का पैकेट, कचरा आदि बिखरे देख स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा से कहा कि आसपास के दुकानदार ठेला वालों को कचरा नहीं फेंकने समझाईस दें। अपालन पर कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि जहां भी झिल्ली-पन्नी, डिस्पोजल बिखरा दिखे, उसकी सफाई तो करें, पर आसपास के दुकानदारों या फेंकने वालों पर सख्त कार्रवाई करें।

# मांग पूरी नहीं होने पर 18 से पंचायत सचिवों की हड़ताल

**राजनांदगांव।** प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार के घोषणा पत्र में प्रदेश पंचायत सचिवों का शासकीयकरण किए जाने की गारंटी दी गई थी, लेकिन अब तक घोषणा पत्र में किया गया वादा पूरा नहीं होता देख प्रदेश के ग्राम पंचायत सचिव संघ द्वारा आगामी 18 मार्च से जनपद पंचायत मुख्यालय में अनिश्चितकालीन हड़ताल की शुरूआत की जा रही है। वहीं 17 मार्च को विधानसभा घेराव और 1 अप्रैल को मंत्रालय घेराव किए जाने की सूचना अपने ज्ञापन के माध्यम से कलेक्टर को दी गई है।

पंचायत सचिव संघ ने अपने ज्ञापन में कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करने का वादा किया गया था। वर्ष 1995 से कार्यरत पंचायत सचिवों को शासकीयकरण की गारंटी दी गई थी। वहीं मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा अनुरूप 16 जुलाई 2024 को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा समिति गठन कर 30 दिवस के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु उल्लेख किया गया था। उक्त आदेश के परिपालन में कमेटी द्वारा पंचायत सचिवों के शासकीयकरण के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया गया है, जिस पर पंचायत सचिवों को पूर्ण आशा एवं विश्वास था कि रिपोर्ट अनुसार बजट सत्र में शासकीयकरण का सौगात प्रदान किया जाएगा, किन्तु बजट सत्र में नहीं आने एवं इस विषय पर सरकार द्वारा कोई पहल नहीं करने के कारण पूरे प्रदेश के पंचायत सचिव क्षुब्ध एवं आक्रोशित हैं।

#### बैठक में लिया निर्णय

प्रदेश पंचायत सचिव संघ द्वारा बीते 10 मार्च को कवर्धा में बैठक कर निर्णय लिया गया कि 17 मार्च को प्रदेश के समस्त सचिवों द्वारा विधानसभा घेराव कर 18 मार्च से ब्लॉक मुख्यालय में अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जाएगा। जिसमें राजनांदगांव, डोंगरगांव, छुरिया, डोंगरगढ़ के समस्त सचिव प्रांतीय आह्वान पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर शामिल रहेंगे।

# अवैध रूप से शराब बिक्री आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपी से 38 पौवा देशी एवं 11 पौवा अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले में चलाए जा रहे अवैध शराब बिक्री, परिवहन की रोकथाम के विरूद्ध अभियान के तहत लालबाग पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ट्रांसपोर्ट नगर चौक के पास मुगल पान ठेला के पीछे संतकुमार राय नामक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है।

**घेराबंदी कर पकड़ा**

सूचना पर थाना प्रभारी लालबाग प्रशिक्षु भापुसे ईशु अग्रवाल के नेतृत्व में थाना स्टाफ व पेट्रोलिंग के हमराह स्टाफ ट्रांसपोर्ट नगर चौक पहुंचकर मुगल पान ठेला के पीछे घेराबंदी कर व्यक्ति को पकड़ा, जो नाम पूछने पर अपना नाम संतकुमार राय 42 वर्ष निवासी आबादीपारा पेंड्री का होना बताया। जिसके पास से 38 पौवा देशी शराब, 11 पौवा अंग्रेजी शराब कीमती 5510 रुपए को जब्त किया गया। आरोपी का यह कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पाए जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम कर ज्युडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया।







